ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48
उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 3, अंक 286, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर 14

दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच के लिए आयोग गठित

## बेंगलुरु सिटी के सीपी सहित कई पुलिस अधिकारी निलंबित, आरसीबी, आयोजकों और केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु सिटी के पुलिस कमिश्नर (सीपी), बेंगलुरु सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के सहायक पुलिस कमिश्नर (एसीपी) और कब्बन पार्क के इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा। सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ गुरुवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देगी आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी की ओर से गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान में भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की गई है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किया पौधरोपण

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भवः'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी।



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

- आतंकवादी साजिश को किया बेनकाब

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

# साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला
- मामले की जांच के लिए गठित की गई पुलिस की टीम

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर लात-घूंसों से बार-बार उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई है, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हवालात में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बचाने में देरी क्यों की।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने एक बयान में कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर कथित रूप से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवाद जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया। उसने बताया कि गोविंदपुरी निवासी अमन को हमले में गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### यह घटना सुरक्षा में बड़ी चूक का नतीजा

पटियाला हाउस कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता वीरेंद्र कसाना ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी सुरक्षा चूक है। कसाना ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है और दिल्ली पुलिस की बड़ी सुरक्षा चूक है। सभी पुलिस अधिकारियों को पता होता है कि उन्हें अपराधियों को कब अदालत में पेश करने के लिए लाना है। लेकिन उन्हें एक ही कोठरी में रखना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

# ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

# कानपुर देहात में हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 10 महीने पहले भोगनीपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुरवा निवासी अपनी बहन पूनम के देवर दीपू के साथ वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। पूजा पिपरी गांव में ही अपने बच्चों दूसरे पति दीपू के साथ रहती थी। दीपू पहले पति के बच्चों से खुन्नस रखता था। 22 जुलाई 2024 की रात दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, 6 साल की पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर बांके से हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी। भोगनीपुर पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। एडीजे-6 दुर्गेश ने गुरुवार को दोषी दीपू को हत्या में फांसी और हत्या के प्रयास में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# प्रदेश में बिछाया जाएगा पुलों का संजाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोक निर्माण विभाग ने बनाई कार्य योजना, बनेंगे 3235 पुल

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम में बेहतर आवागमन के लिए पुलों का जाल बिछेगा। योगी सरकार 28346 करोड़ रुपये खर्च करके कुल 3235 पुल बनाएगी। इसमें 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों का निर्माण उ.प्र राज्य सेतु निगम करेगा, जबकि 6 से 60 मीटर तक के पुल लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुसार जिन बड़े व छोटे पुलों का निर्माण होना है उसमें मुख्यतः तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल और जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा।

इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता द्वारा अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतुओं के निर्माण को वरीयता के आधार पर निर्मित किया जाएगा जिससे मार्गों की सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए स्थायी समाधान उपलब्ध हो सकेगा। कार्ययोजना के अनुसार जिन 3235 दीर्घ व लघु पुलों के निर्माण, नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व विकास किया जाना है, उनमें अधिक आबादी को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर वरीयता के आधार पर चिह्नित किया जाएगा।

यहां आवागमन की दूरी को घटाने और यातायात के उचित प्रबंधन के लिए जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर 10 किमी के मानक में शिथिलता दी जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक, धार्मिक या पर्यटन महत्व वाले स्थलों पर 10 किमी की शर्त लागू नहीं की जाएगी।

# मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का भंडाफोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का राजफाश हुआ है जहां से कई राज्यों के युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक आदि में विज्ञापन जारी कर फर्जी ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित हो रहे इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, नकली एयर गन, फर्जी दस्तावेज के साथ कई अन्य सामान बरामद हुए हैं। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य सेना में भर्ती का झांसा देकर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपये तक वसूली कर रहे थे। अब तक करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

# भारत में निर्मित किया जाएगा लड़ाकू विमान राफेल का ढांचा

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।



### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में यह अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

# इत्रनगरी में हरियाली बढ़ाने के लिए लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज/तिर्वा



कलेक्ट्रेट परिसर में पौधे में पानी देते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।



लाख बहोसी पक्षी विहार में पौधा रोपते विधायक कैलाश राजपूत व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर सरकारी विभागों व स्कूलों में पौधरोपण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने पीपल के पौधे रोपे।

डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि इसी तरह पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने नीम, अपर जिलाधिकारी वि./रा. आशीष सिंह ने आम, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार ने जामुन व डिप्टी कलेक्टर अविनाश गौतम ने पीपल व नाजिर विनय ने अमरूद का पौधा लगाया। विकास भवन में अशोक, अनार व जामुन, जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला जज चंद्रोदय कुमार ने अनार, कटहल व सहजन के पौधे रोपे। इसके अलावा अन्य न्यायिक अधिकारियों ने जामुन, कटहल, आंवला, व सहजन के पौधे लगाए। तहसील सदर में भी पीपल, आम, जामुन व अनार के पौधे लगाए गए। वहीं, शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल सिंह, उप प्रधानाचार्य शैलेंद्र यादव, एनसीसी लेफ्टिनेंट विनोद कुशवाहा, एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज यादव व सीनियर प्रवेश कुशवाहा ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर लोगों को जागरूक किया। लाख बहोसी पक्षी विहार में गोष्ठी हुई जिसकी अध्यक्षता विधायक कैलाश राजपूत ने की। स्थानीय लोगों के साथ छात्रों को नदी एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता हुई प्रथम स्थान छात्रा पायल, द्वितीय जय किशनलाल इंटर कॉलेज उमर्दा की छात्रा शिखा यादव व तृतीय स्थान बहोसी प्राथमिक विद्यालय के छात्र आर्यन का आने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# पर्यावरण प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प

संवाददाता, गुरसहायगंज/छिबरामऊ/ जलालाबाद



सराय प्रयाग में कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव।

**अमृत विचार।** ग्राम सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह महाविद्यालय में पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव, जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व जय कुमार तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ पौधे लगाकर धरती को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया। इसी प्रकार नगर के जीटी रोड स्थित एचपी गैस गोदाम पर क्षेत्रीय बिक्री कर प्रबंधक (एचपीसीएल एलपीजी) राहुल कुमार व पीके गैस एजेंसी के संचालक डॉ. पीके कटियार ने 30 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में एक पेड़ मां के नाम की मुहिम के तहत पांच पौधे लगाए गए। योग शिक्षक श्याम सिंह यादव ने योग व्यायाम कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने पौधरोपण के फायदे बताए। छात्र-छात्राओं के समूह बनाकर कोतवाली का भ्रमण किया। जलालाबादमें सोनालिका सीएसआर व उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार की देखरेख में तेरारागी व देवीपुरवा में पौधे लगाए गए।

# कृषि बीज विक्रेता का लाइसेंस निलंबित, दो को नोटिस जारी

## जिलेभर की 21 दुकानों पर मारे गए छापे, 19 नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कृषि बीज विक्रेता छिबरामऊ में जांच करते जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह व अन्य।

**अमृत विचार।** शासन के फरमान पर जिलेभर में कृषि बीज की 21 दुकानों पर छापे मारे। साथ ही तीन टीमों ने 19 नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजा। एक दुकान का लाइसेंस निलंबित हुआ तो दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि डीएम ने बीज की दुकानों पर छापेमारी के लिए तीन टीमों का गठन किया। तहसील छिबरामऊ में जिला कृषि अधिकारी तथा नायब तहसीलदार राम प्रकाश, कन्नौज में अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी और तिर्वा में उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने कार्रवाई की। 19 मक्का एवं धान बीज के नमूने लिए गए। अनियमितता मिलने पर न्यू बालाजी बीज एजेंसी सौरिख रोड छिबरामऊ का लाइसेंस निलंबित किया गया। इसके अलावा अभिलेख पूरे ना होने पर आदित्य बीज भंडार छिबरामऊ एवं किसान विकास केंद्र छिबरामऊ को नोटिस जारी किए गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी बीज विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वह दुकान से जो भी बिक्री के लिए बीज रखें उसके खरीद बिल अनिवार्य रूप से होने चाहिए। कोई भी विक्रेता डुप्लीकेट बीज की बिक्री न करे। किसानों को निर्धारित प्रारूप पर कैश मेमो जिसमें किसान का पूरा पता लिखा हो दिया जाए। बताया गया है कि कई बीज विक्रेता किसानों को बिल नहीं दे रहे हैं ऐसे विक्रेताओं के विरुद्ध बीज अधिनियम 1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

- **न्यू बालाजी बीज एजेंसी का लाइसेंस रद्द, आदित्य बीज एवं किसान विकास केंद्र को नोटिस**

### दो लोगों पर नकली बीज का व्यापार करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** नकली बीज बेचने को लेकर दो व्यापारियों के विरुद्ध कंपनी के जोनल मैनेजर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। लखनऊ निवासी शक्ति सीड्स के जोनल मैनेजर सुनील कुमार सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि हरियाणा के करनाल बसंत बिहार निकट शिव मंदिर निवासी चंद्रदेव जीत सिंह उर्फ हनी सिंह व सनी सिंह ने 6510 किलोग्राम नकली धान का बीज बनाकर धोखाधड़ी करके 30 मई की रात करीब 12 बजे बाजार में लाया गया था। जिसकी 217 बोरी कंपनी के नाम से नकली बनाकर भेजी जा रही थी। दोनों व्यापारियों में लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ था। इससे धोखाधड़ी की घटना उजागर हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने कंपनी के जनरल मैनेजर की शिकायत पर आरोपी व्यापारियों के विरुद्ध कापी राइड एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षकों की खंगाली जा रहीं फाइलें... कुछ की जाएगी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **वर्ष 2018 के बाद बीटीसी करने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट से आ चुका है आदेश**
- **69 हजार अध्यापक भर्ती का मामला, बीएसए कार्यालय में बन रही छंटनी की सूची**

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में तैनात उन शिक्षक-शिक्षिकाओं की नौकरी चली जाएगी जिन्होंने 22 दिसंबर 2018 के बाद बीटीसी किया और 69 हजार अध्यापक भर्ती में शामिल हो गए। अब ऐसे लोगों की फाइलें खंगाली जा रहीं हैं। कहा जा रहा है कि कुछ अध्यापकों की नौकरी जा सकती है।

दरअसल, सूबे में 69 हजार शिक्षक भर्ती का 5 दिसंबर 2018 को नोटिफिकेशन जारी हुआ था। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2018 थी। कहा गया है कि आवेदन की आखिरी तारीख के बाद कई लोगों ने बीटीसी किया लेकिन आवेदन में गलत अंक व नंबर भर दिए। हाईकोर्ट के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। मई में उच्चतम न्यायालय में निर्णय दिया कि ऐसे शिक्षकों की नौकरी चली जाएगी जिन्होंने 22 दिसंबर 2018 के बाद बीटीसी पास किया है। इस निर्णय के बाद बेसिक शिक्षा परिषद ने भी सभी जिलों को आदेश जारी कर दिया। उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भर्ती की सूची अपलोड की गई। उसमें कन्नौज जनपद के शिक्षक-शिक्षिकाओं को चिह्नित किया गया। अब स्कूलों में नौकरी पा चुके 69 हजार अध्यापकों की फाइलें भी गहनता से देखी जा रही हैं। इसमें एक महिला शिक्षक का मामला सामने आया है। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि अभी जांच चल रही है। 8 से 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रकरण जनपद में हो सकता है फिलहाल एक की पुष्टि हो चुकी है। बताते चलें कि कन्नौज जनपद में करीब 1500 पद सृजित किए गए थे। उसके बाद 1485 ने ही ज्वाइन किया था। बाद में 25-35 अध्यापकों की नौकरी कूटरचित कागज होने की वजह से जा चुकी है। बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद तकरीबन 1450 अध्यापक ही बचे हैं।

**शिवपाल सिंह महाविद्यालय**
कैस्त जसवन्तनगर (इटावा)
(सम्बद्ध : छात्रपति शाहूजी महाराज विश्व विद्यालय, कानपुर)
सम्पर्क सूत्र– 9412183833, 9219573833

**आवश्यकता है**

**योग्यता -** नेट/पी0एच0डी0 योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
B.A - Hindi, English, Education, Economics, Political Science, Home Science, Geography, Sociology, History
B.Sc - Physics, Math, Chemistry, Zoology, Botany, Computer Science.
B.ScAg - All Subject
M.A - Education, English Litt., Home Science, Political Science, Economics.
M.Sc - Physics, Math, Chemistry, Zoology, Botany
M.ScAg - Agronomy, Horticulture.
**इन सभी पदों के लिये इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 09 जून 2025 तक अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हो।**

प्रबंधक
शिवपाल सिंह महाविद्यालय
कैस्त जसवन्तनगर (इटावा)
मोबाइल नं0 – 7895207777, 9219573833

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**
**निविदा संख्या–15/मु0अभि0/2025–26**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024–25 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–
1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :–191 दिनांक 21.06. 2025
उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

Ro no. 74
मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

## सार-संक्षेप



विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### भंडारा के बाद निकाली गई विसर्जन यात्रा

**तेराजाकेट, कन्नौज।** ग्राम पंचायत पनगवां के ग्राम पालमपुर में भागवत कथा के समापन अवसर पर हवन पूजन के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरु होकर रात्रि 10 .30 बजे तक चलता रहा। दूसरे दिन गुरुवार को गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। भक्त नृत्य करते हुए हर्षोल्लास के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान कमेटी के सदस्य सुनील कुमार पाल, सतेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र, रजनेश, संजय, सर्वेश कुमार फौजी, विश्राम सिंह, मुंशीलाल, बादाम सिंह, अमर सिंह, शिवपाल, जीतू आदि मौजूद रहे।

### 156 मिनी आंगनबाड़ी बन गईं पूरी तरह से कार्यकत्री

**कन्नौज।** जिले की 156 मिनी आंगनबाड़ी को प्रोन्नति मिल गई है। अब वह पूरी तरह से आंगनबाड़ी कार्यकत्री कहलाएंगी। हर महीने 2750 रुपये मानदेय बढ़कर मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि जनपद में मिनी आंगनबाड़ी के 185 पद स्वीकृत हैं उसके सापेक्ष 156 कार्य कर रहीं थीं। उनके प्रमोशन का आदेश आया था। उसके बाद बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में ही मिनी आंगनबाड़ी से आधार कार्ड व शैक्षिक अभिलेख लेकर ऑनलाइन फीडिंग की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि मिनी आंगनबाड़ी रहते हुए 3500 रुपये मानदेय और 750 रुपये अतिरिक्त कुल 4250 रुपये मिलते थे। अब सभी नव प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 5500 रुपये मानदेय और 1500 रुपये अतिरिक्त कुल 7000 रुपये मिला करेंगे। बढ़े हुए मानदेय का आदेश भी मई से लागू हो गया है।

### पीएस अलीनगर की बाउंड्रीवॉल हुई धराशाई

**जलालाबाद।** परिषदीय विद्यालय अलीनगर की बाउंड्रीवाल धराशाई हो गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। ब्लॉक जलालाबाद के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में आपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में गुणवत्ता व मानकों को ताक पर रखकर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया गया था। बाउंड्रीवॉल की लंबाई लगभग 100 फुट पूर्वी भाग गुरुवार की सुबह लगभग 06 बजे गिर गई। गनीमत यह रही कि उस समय विद्यालय में कोई नहीं था। इसके बाद विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में स्टॉफ व अध्ययनरत 60 बच्चे विद्यालय में उपस्थिति हुए थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबध नारायण ने बताया कि इसका निर्माण कार्य वर्ष 2018–19 में तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा कराया गया था। इसका पूर्वी भाग गुरुवार की सुबह गिर गया।

### बाइक की टक्कर से पिता पुत्री घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** बाइक की टक्कर से पिता पुत्री के घायल होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी राजेंद्र देवी पत्नी दीप चंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 01 जून की दोपहर लगभग 12 बजे उसके पति दीपचंद्र अपनी पुत्री उपासना के साथ बाइक से तेरारब्बू की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे तेरारब्बू निवासी भास्कर ने तेजी एवं लापरवाही से चलते हुए उसके पति दीपचंद की बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे बाइक पर सवार पति दीपचंद्र व बेटी उपासना गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां गंभीर हालत के चलते उन्हें रेफर कर दिया गया था। कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों के विरोध पर नाला खुदवाए बगैर लौटी पुलिस

**सौरिख,कन्नौज।** नाला निर्माण के लिए जेसीबी लेकर पहुंची पुलिस का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। नाला नहीं खुदने दिया जिससे पुलिस लौट गई।

जरियापुर में तालाब के पानी का निकास न होने कारण पानी सड़क जलमग्न हो जाती है। घरों में भी पानी भर जाता है। गुरुवार को जिला पंचायत द्वारा नाला निर्माण कराने के लिए उपजिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम गई थी। जेसीबी से नाला खोदाई शुरू हुई तो ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। इस पर पुलिस व टीम लौट गई। ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ने बताया कि आधे गांव का पानी तालाब में आता है। निकास न होने से जिला पंचायत द्वारा नाला निर्माण के लिए खुदाई कराने पर गांव के ही लोग मिट्टी डालकर बंद कर देते हैं।

# छह दिन से लापता युवक का शव सड़क किनारे खाई में मिला

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** छह दिनों से लापता युवक का शव क्षतविक्षत हालत में तालग्राम रोड किनारे खाई में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान कपड़ों से की।

गुरुवार को ग्राम बिरौली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज के पास तालग्राम रोड किनारे स्थित खाई में एक अज्ञात युवक का शव क्षतविक्षत हालत में ग्रामीणों ने पड़ा देखा। इसकी सूचना थाना तालग्राम पुलिस को दी। युवक का सिर व दोनों हाथ गल गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया।

मौके पर पहुंचे गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की चौकी समधन के ग्राम मीरपुर निवासी भाई जीतू ने मृतक युवक की पहचान कपड़ों से 22 वर्षीय रामू जाटव पुत्र मदनलाल जाटव के रुप में की। बताया कि 31 मई को बिना बताए घर से लापता हो गया था। थाना पुलिस ने मृतक के भाई की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नहर में उतराता मिला बाइक चालक का शव

**सौरिख, कन्नौज।** हादसे के बाद नहर में गिरे युवक का शव 8वें दिन उतराता मिला। भावलपुर चौकी क्षेत्र के गांव शिवसिंह पुर निवासी संजीव सिंह (45) 29 मई दिन गुरुवार की शाम 8 बजे किसी कार्य से बाइक द्वारा खड़नी आए थे। लौटते समय लगभग 9बजे नहर पुल पर सामने से आरहे तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे वह निचली गंग नहर में गिर गए। उनका शव आठवें दिन नहर में उतराता मिला। मृतक के पुत्र निशांत की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया।



संजीव सिंह।

**कवायद** नौ जून को जारी होगा अंत : जनपदीय स्थानांतरण का आदेश

# पारस्परिक तबादले को आज तक बनेंगे जोड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कार्यालय में पारस्परिक तबादले की फाइलें देखते बीएसए संदीप कुमार, बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार व अन्य कर्मचारी। अमृत विचार

- **अंतरजनपदीय में सभी 109 शिक्षक गए और 105 आए**

**अमृत विचार।** अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले की प्रक्रिया 5 जून को समाप्त हो गई। अंतिम दिन तक परिषदीय स्कूलों के सभी 109 अध्यापक रिलीव कर दिया तो दूसरे जनपदों से 105 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बीएसए कार्यालय में योगदान आख्या दी। अब अंतः जनपदीय पारस्पारिक में 6 जून तक जोड़ा (पेयर) बनाने का समय है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के करीब 98 फीसदी अध्यापकों को जनपद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। कुल 109 शिक्षकों को पारस्परिक स्थानांतरण का लाभ दूसरे जनपद के लिए मिला है। उसके सापेक्ष 105 अध्यापकों ने ज्वाइन भी कर लिया है। शिक्षा निदेशक की ओर से 5 जून तक का ही समय दिया गया था। अंतः जनपदीय पारस्परिक तबादले की समय सीमा में 29 मई से 6 जून तक ओटीपी से पेयर बनाने की प्रक्रिया चलेगी। एक दिन ही बचा है। नौ जून को स्थानांतरण आदेश जारी होगा। जो अध्यापक सूची में आएंगे उनको 10 से 15 जून तक कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।त कार्यमुक्त होने वालों की फाइलें बीएसए के अलाव बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार व वरिष्ठ सहायक प्रदीप सक्सेना आदि ने जांचीं।



नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

शुक्रवार को धूप निकलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने उमस के साथ गर्मी की संभावना जताई है।

| 36.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:03 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# गंगा दशहरा पर उमड़ी आस्था, लगाई पुण्य की डुबकी

## स्थानीय समेत आसपास के जिलों से पहुंचे लाखों लोगों ने किया दान-पुण्य, स्थान-स्थान पर लोगों ने शर्बत वितरण किया


गंगा के मेहंदीघाट पर आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार


गंगा दशहरा पर स्नान को उमड़ी स्नानार्थियों की भीड़। अमृत विचार


जलेसर स्थित गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा के पर्व पर जिले समेत आसपास के भी जनपदों से लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने कन्नौज पहुंचे। स्थानीय महादेवी घाट पर कड़ी सुरक्षा इंतजामों के बीच आस्था की डुबकी लगाने के बाद दान पुण्य किया। इसके साथ ही शहर समेत जिले भर में स्थान-स्थान पर लोगों ने स्टाल लगाकर शर्बत वितरण किया। इस दौरान प्रशासन की तरफ से व्यवस्थाओं की निगरानी की जाती रही। जिले के आलाधिकारी सुबह से ही गंगा तट पर पहुंच गए और वस्तुस्थिति पर नजर रखते रहे।

गंगा दशहरा का पर्व गुरुवार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दिन गंगा स्नान का महत्व होने से बुधवार की देर रात से ही आस्थावानों का गंगा तट पर पहुंचना शुरू हो गया था। ब्रह्ममुहूर्त से ही स्नान और दान का क्रम भी शुरू हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिन भर गंगा की तरफ जाते रहे। पुलिस की तरफ से रूट डायवर्जन होने के कारण भारी वाहन गंगा की तरफ नहीं जा सके। इसके साथ ही स्नान करने वाले लोगों के वाहन भी घाट से काफी दूर खड़े करा दिए गए थे। इससे लोग पैदल ही स्नान करने के लिए पहुंचते रहे।

स्नान का बड़ा पर्व होने से पुलिस व प्रशासन की तरफ से पहले ही तैयारी पूरी कर ली गई थी। सुबह जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, एडीएम आशीष सिंह, उपजिलाधिकारी सदर नवनीता रॉय, अतिरिक्त एसडीएम अविनाश गौतम समेत तमाम जिम्मेदारों ने मेहंदीघाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उधर पुलिस की तरफ से ड्रोन से भी निगरानी की जाती रही।

पर्व के मौके पर शहर के तिर्वा क्रासिंग पर सन्मार्ग संस्था की तरफ से पंडाल लगाकर शर्बत वितरण किया गया। इसी तरह जिले भर में कई स्थानों पर भंडारा व शर्बत बांटने का क्रम जारी रहा।

### हर-हर गंगे के साथ डुबकी, देवालयों व गंगा तटों पर पूजा अर्चना

**गुरसहायगंज।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सुबह से ही गंगा तटों पर स्नान व पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस कर्मी सहित गोताखोर नाव लेकर नदी में तैनात रहे। गुरुवार को सुबह से ग्राम जलेसर व चियासर स्थित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई। गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर हर-हर गंगे के जयकारे लगाए। कन्याभोज व भण्डारे का आयोजन कर दान पुण्य भी किया। श्रद्धालुओं ने साधु संतो को दान, दक्षिणा, फल, वस्त्र आदि भेंटकर आशीर्वाद लिया। गंगा तट पर जगह-जगह पूजा-पाठ, हवन पूजन व कथा कार्यक्रम के आयोजन चलते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल आलोक दुबे व पुलिस कर्मी गोताखोरों के साथ मौजूद रहे।

**श्रद्धालुओं ने किया किया शरबत वितरण :** नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शीतलपेय व भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व स्थानीय लोगों ने शीतलपेय व प्रसाद का वितरण किया।

# बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**छिबरामऊ।** तालग्राम रोड, बहवलपुर में सुदेश दुबे के प्रतिष्ठान पर भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की विशाल महापंचायत का आयोजन हुआ। इसमें बिजली कटौती और फसलों में सिंचाई की समस्या पर गहन चर्चा हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने एसडीओ व संबंधित अधिकारियों से वार्ता का आश्वासन दिया। चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संगठन का विस्तार करते हुए अनुपम शाक्य को मंडल मीडिया प्रभारी, स्वदेश दुबे को मंडल उपाध्यक्ष, जयराम सिंह को मंडल संयोजक, सचिन कुमार को तहसील मीडिया प्रभारी, अमित कुमार को तहसील उपाध्यक्ष, प्रियांशु मिश्रा को ब्लॉक उपाध्यक्ष छिबरामऊ, विकास शाक्य को तहसील संगठन मंत्री, पंकज ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ और विपिन श्रीवास्तव को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।महापंचायत में रामेंद्र सिंह ,अखिलेश दुबे, अरविंद दुबे, आलोक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### उमर्दा ब्लाक में तीन सीएचसी लेकिन सर्जन एक पर भी नहीं

**तिर्वा।** उमर्दा ब्लाक में तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन एक पर भी सर्जन नहीं है। इससे लोगों को छोटे-मोटे आपरेशन के लिए निजी अस्पताल या फिर बाहरी जनपदों की दौड़ लगानी पड़ती है। सरकार की तरफ से प्रत्येक सीएचसी पर एक ओटी के साथ सभी सुविधाएं देने के निर्देश हैं। साथ ही एक सर्जन की भी तैनाती के निर्देश हैं। ब्लाक में तिर्वा, उमर्दा, जनखत में सीएचसी का संचालन हो रहा है लेकिन कहीं पर भी सर्जन की तैनाती नहीं है। इसका फायदा निजी अस्पताल संचालक उठा रहे हैं। तिर्वा सीएचसी के चिकित्साधिकारी डाक्टर राजन शर्मा ने बताया कि तिर्वा सीएचसी पर एक सर्जन की तैनाती थी पर वह करीब एक साल से नही आ रहे। मौजूदा समय पर किसी सीएचसी पर सर्जन नहीं है।

### हत्या व फायरिंग की खबर पर चकरघिन्नी रही पुलिस

**छिबरामऊ।** गुरुवार की दोपहर पुलिस को एक फोन से सूचना मिलती है कि कसावा में दो पक्षों के बीच फायरिंग हो रही है। इसमें एक आदमी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सूचना मिलते ही कोतवाल विष्णुकांत तिवारी पुलिस बल के साथ आनन-फानन में दो गाड़ियों के साथ चौकी पहुंच गए। कोतवाल को देख कर यहां मौजूद पुलिस सकते में आ गई। कोतवाल ने घटना की जानकारी ली तो मामला झूठा पाया गया। इस पर फोन करने वाले व्यक्ति से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। सूचना फर्जी निकलने पर राहत की सांस ली।

# सिपाही सचिन राठी के हत्यारोपी दंपति को गैंगस्टर में सजा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मुख्य आरोपी मुनुआ को सात साल जबकि पत्नी को पांच साल की जेल

**अमृत विचार।** वर्ष 2023 में 26 दिसंबर को विशुनगढ़ के धरनी धीरपुर नगरिया में हुई मुठभेड़ के दौरान सिपाही सचिन राठी की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी दंपति को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) अजय कुमार श्रीवास्तव ने जेल और जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडे ने बताया कि सचिन राठी हत्याकांड के बाद मुख्य आरोपी अशोक कुमार उर्फ मुनुआ जिस पर 27 मामले दर्ज थे और उसकी पत्नी श्यामी देवी के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। मामले में विवेचना व आरोप पत्र दाखिल होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने अशोक कुमार को सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 20000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी क्रम में उसकी पत्नी श्यामा देवी को पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का कारावास और भुगतना होगा। दोनों द्वारा जेल में बितायी अवधि को सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा।

याद दिला दें कि हिस्ट्रीशीटर मुनुआ के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद विशुनगढ़ की पुलिस 26 दिसंबर 2023 को उसे पकड़ने गई थी। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर व उसके नाबालिग बेटे ने फायरिंग कर दी थी। इसमें एक गोली सिपाही सचिन राठी को लगी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मुठभेड़ वाले दिन ही पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को पैर में गोली मारकर पकड़ लिया था। आरोपी की पत्नी श्यामा देवी को भी गिरफ्तार किया गया था। तब से गैंगस्टर दंपति जेल में बंद हैं।

### गैंगस्टर में दोषी दो को सात-सात साल की जेल



**कन्नौज।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अजय कुमार श्रीवास्तव ने दो अभियुक्तों को गैंगस्टर में दोषी ठहराते हुए सात-सात साल की जेल तथा दस-दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडे ने बताया कि तत्कालीन थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने विशुनगढ़ थाने में मौखिक रूप से 10 जून 2003 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि गैंगचार्ट में दर्ज धर्म सिंह उर्फ धर्मा पुत्र कालिका सिंह निवासी उसमानपुर थाना विशुनगढ़ के जेल में रहने के बाद भी उसका लोगों में भय है। इसके गैंग के सदस्य सुरेश पाल पुत्र नत्थूराम निवासी लखरौआ थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद, रामकिशोर उर्फ तड़बड़िया पुत्र भगवत दयाल निवासी उपरोक्त, अजय उर्फ मंटू पुत्र कालिका सिंह निवासी उस्मानपुर तथा अनिल कुमार पाठक पुत्र श्रीकृष्ण निलासी छिबरामऊ हैं। सभी भय दिखाकर जनता से अवैध वसूली करते हैं। आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया लेकिन सुनवाई के दौरान आरोपियों सुरेश पाल व अनिल पाठक की मृत्यु हो गई। सुनवाई पूरी होने पर धर्मा तथा मंटू को सजा तथा जुर्माने से दंडित किया गया।

### मारपीट, जान की धमकी में दो भाइयों को सजा

**कन्नौज।** मारपीट, जान से मारने की धमकी के मामले में अप सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने दो सगे भाइयों को साढ़े तीन-तीन साल की जेल तथा 6000-6000 रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 3 जनवरी 2020 को नवलकांत निवासी सिकंदरपुर ने छिबरामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ताऊ अपनी बहू को लेकर चले गए। इसी रंजिश में घनश्याम पुत्र श्रीराम, राजन-गौरव पुत्रगण घनश्याम, धनदेवी पत्नी घनश्याम ने उससे सरिया से मारपीट की। पापा, मम्मी, दादी व बहन के भी काफी चोट है। आरोप लगाया कि जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उसकी दुकान में तेल डालकर आग लगाने की कोशिश की। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने व विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल होने के बाद सुनवाई चली। इस दौरान घनश्याम की मृत्यु हो गई जबकि पत्नी धनदेवी की पत्रावली अलग कर दी गई। मामले में दोषी पाइ जाने पर गौरव व राजन को न्यायाधीश ने साढ़े तीन-तीन साल की जेल तथा 6000-6000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप


सत्संग में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

### आपसी सहयोग से ही समाज का बदलाव संभव

**सौरिख।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कस्बे में आध्यात्मिक की धारा खूब बहायी गई। संगीतमय भजन कीर्तन आयोजित हुए। कस्बा के मोहल्ला संजय नगर में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सुमित्राबाई (हरिद्वार) एवं चंद्रावती बाई (बद्रीनाथ धाम) ने कहा कि गंगा नदी हिमालय से चली तो सूखने लगी तब अलकनंदा भागीरथी यमुना आदि नदियों ने मिलकर सहयोग किया जो इतनी विशाल नदी बनी। इसी तरह आपस में सहयोग करेंगे तो हम सभी समाज को बदल सकते हैं और ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान के महत्व को भी बताया। इससे पहले विधायक कैलाश राजपूत, चेयरमैन राहुल गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर सर्वेश शाक्य, अखिलेश राजपूत, ओमी चतुर्वेदी, वासू दुबे ,सुभाष शाक्य ,सत्येंद्र शाक्य ,बालक राम शर्मा ,विनीता देवी ,माया देवी ,मालती देवी, राजेश्वरी, रेखा देवी ,शकुंतला, मुन्नी देवी आदि बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।


गायत्री जयंती समारोह में मौजूद बटुक व अन्य। अमृत विचार

### गायत्री जयन्ती पर महायज्ञ, 8 बटुकों का यज्ञोपवीत

**कन्नौज।** एसबीएस इंटर कालेज प्रागंण में चल रहे गायत्री जयन्ती समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को सैकडो भक्तों ने गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां दीं। साथ ही 8 युवाओं का विधिविधान से यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। समारोह के दूसरे दिन प्रियांश दुबे, रवि मिश्रा, अखिलेश कुमार, अतुल दुबे, श्याम जी दुबे, अचल मिश्र, आर्यन अवस्थी, अनुपम दुबे के यज्ञोपवीत संस्कार कराये गये। इस मौके पर सभी ने बटुकों को आशीर्वाद दिया। बदायूं से आई गायत्री परिवार की क्षेत्रीय समन्वयक शिवाम्बदा सिंह ने कहा कि व्यक्ति के निर्माण से परिवार का निर्माण होता है । इसलिए सुखी और शान्तिमय जीवन बनाने के लिए परिवार के लिए श्रेष्ठ नीति निर्धारित करें। टोली के साथ आये संजीव कुमार पटेल ने कहा कि विचार क्रान्ति अभियान को सफल बनाने के लिए हमे अपने को बदलना होगा। गायत्री परिवार बदायूं की ट्रस्टी पूनम अरोरा ने कहा कि पूज्य गुरुदेव ने जो मशाल जलाई उसका प्रभाव है कि गायत्री परिवार का विस्तार लगातार बढ रहा है। टोली के साथ आई श्रीमती सरोज चौहान ने भक्ति गीतों पर ढोलक वादन से सभी का मन मोहा। मंच का संचालन सुनीष कुमार शर्मा सोनू भइया ने किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में प्रधानाचार्य की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद जिले में एक प्रधानाचार्य की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव के पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर के रहने वाले सतेन्द्र शाक्य पुत्र लालाराम शाक्य शहर की तालग्राम रोड के एक प्राईवेट विद्यालय में प्रधानाचार्य थे। वह बुधवार को कार से मोहम्मदाबाद क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसके बाद टिलियां गांव के पास सड़क किनारे कार में अचेत अवस्था में मिले। सूचना पर पहुंचे परिजन अस्पताल ले गये वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मोहम्मदाबाद पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई करते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। गुरुवार की दोपहर शव के गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते ही परिवार के लोगों ने गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पिता लालाराम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई के लिये पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। सतेन्द्र की 4 साल पहले शादी हुई थी। ढाई वर्ष का इकलौता बेटा है।


**पहल** पुलिया, मार्ग, कॉलेज कक्ष व दो बारात घर निर्माण को ऑनलाइन आए प्रस्ताव

# सांसद अखिलेश ने दिए 90 लाख रुपये के 5 प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सांसद अखिलेश यादव ने जनपद में विकास कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 प्रस्ताव ऑनलाइन भेजे हैं। इनकी लागत 90 लाख रुपये से अधिक है। ज्यादातर प्रस्ताव छिबरामऊ इलाके से हैं जिनमें एक-एक पुलिया, मार्ग व कॉलेज में कक्ष और दो बारात घरों का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो 5 प्रस्ताव विकास कार्यों के आए हैं उनके आगणन की प्रक्रिया चल रही है। संबंधित विभागों को पत्र लिख दिया गया है। अधिकारियों से भी बातचीत चल रही है। पीडी का कहना है कि सांसद के प्रस्ताव में विकास खंड छिबरामऊ की ग्राम पंचायत खोजीपुर के नगला महुअन में नहर पर पुलिया निर्माण, ब्लॉक हसेरन इलाके के गांव टिकुरियन तरींद में तिलक सिंह के मकान से अखिलेश शाक्य के दरवाजे होते हुए भगवान शंकर मंदिर तक करीब 300 मीटर मार्ग का निर्माण कराने का प्रस्ताव आया है। इसी तरह मालती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, आलमपुर भैंसियापुर कन्नौज में विद्यालय भवन में कक्ष निर्माण, छिबरामऊ के ग्राम पंचायत करनौली और टड़ा पोस्ट प्रेमपुर में एक-एक बारात घर का निर्माण कार्य कराने का प्रस्ताव भी आया है। पुलिया निर्माण को लेकर पीडी ने गुरुवार को अधिशाषी अभियंता सूर्यमणि से मोबाइल पर बात की। इसी तरह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से आगणन मांगा गया है जिससे बारात घरों का निर्माण कराया जा सके। कॉलेज के प्रबंधक से विद्यालय संबंधित अभिलेख मांगे गए हैं। मार्ग निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के एक्सईएन से भी बात की गई है।


सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता सूर्यमणि से मोबाइल पर बात करते पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में आए ज्यादातर प्रस्ताव छिबरामऊ इलाके के

### पिछले साल आए 8 कार्य

- परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण रामऔतार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद कन्नौज में 8 विकास कार्यों के प्रस्ताव सांसद निधि से आए थे जिसमें 7 स्वीकृत हो चुके हैं। एक प्रस्ताव की प्रक्रिया चल रही है।

### तीनों विधायकों की निधि मिली

- एक विधायक को क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए 5 करोड़ रुपये निधि के मिलते हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली किस्त के 2.50-2.50 करोड़ रुपये मिल गए हैं। जनपद में 3 विधायक हैं इस हिसाब से 7.50 करोड़ रुपये आ गए हैं। इससे कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा में कार्य कराए जाएंगे।

### सांसद हों या विधायक निधि बराबर ही मिलती

- सांसद को विकास कार्य कराने के लिए 5 करोड़ रुपये मिलते हैं। विधानसभा छोटी होती है और लोकसभा क्षेत्र बड़ा उसके बाद भी निधि बराबर-बराबर निर्धारित है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा क्षेत्र हैं इसके लिए भी साल में 5 करोड़ रुपये ही आते हैं। विधायक निधि का आकलन पूरे संसदीय क्षेत्र के लिए किया जाए तो एक साल में कुल 25 करोड़ रुपये आता है।

# सर्प दंश के बाद फालोवर की हुई थी टेस्टिंग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- परिजनों ने डाक्टर पर लगाये थे उपचार न देने के आरोप
- सीसीटीवी फुटेज में अस्पताल जाने-आने के मिले प्रमाण

**अमृत विचार।** सर्प दंश के बाद एएसपी के फालोवर की डाक्टर ने टेस्टिंग की। आधा घंटे इंतजार करने को कहा। इसी बीच वह घर चला गया। हालत बिगडी तो दोवारा जिला अस्पताल पहुंचा तो गंभीर हालत में उसे रेफर किया गया। सीसीटीवी फुटेज से इसका खुलासा हुआ है।

सदर कोतवाली के गांव कालीनपुर्वा निवासी श्रवण कुमार(30) को जहरीले कीड़े के काटने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। डाक्टर पर आरोप लगाया गया कि उसने एंटी स्नेक वीनम नहीं लगाया। इससे श्रवण की हालत खराब हो गई। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने सीसीटीवी फुटेज जांचने के अलावा सोमवार को ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पंकज कुमार से जानकारी ली। श्रवण की फाइल को भी चेक किया। इस दौरान पाया गया कि श्रवण सोमवार को इमरजेंसी में पहुंचे और सर्प दंश की जानकारी दी। इस पर डॉ. पंकज ने जांच की और उसे आधा घंटे रुकने को कहा। जांच होती इससे पहले वह अस्पताल से चले गये। इसी समय एक बालक को सर्प दंश पर उपचार दिया गया। फालोवर अस्पताल में नहीं मिला।

शाम करीव आठ बजे वह फिर से अस्पताल में आया जब उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। इस पर उसे रेफर किया गया। इमरजेंसी में की गई जांच समेत सभी की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। सीएमएस के अनुसार फालोवर के परिजन झूठे आरोप लगा रहे हैं कि जिला अस्पताल में उसे टीटी का इंजेक्शन लगाया गया अन्य जांच नहीं की गई जब कि हकीकत कैमरे में कैद है। उनका कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी सामने आयेगा उसी के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर पांचाल घाट सहित सभी गंगा तटों पर आस्था का संगम उमड़ पड़ा। चारों तरफ श्रद्धालु हर-हर गंगे के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगा रहे थे। स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गंगा मैया का पूजन कर दान-दक्षिणा दी

गंगा दशहरा को देखते हुए देर रात से ही श्रद्धालुओं का पांचाल घाट पर पहुंचना शुरू हो गया कोई पैदल तो कोई टेंपो व अन्य वाहनों से पांचाल घाट जाता दिखाई दिया भोर से ही गंगा तटों पर श्रद्धालुओं का मेला उमड़ पड़ा। घाटों पर पैर रखने तक की जगह नहीं दिखाई दे रही थी। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ गंगा में डुबकी लगाई। भक्तों ने गंगा मैया को साड़ी की पहनावा भी चढ़ाई। श्रद्धालुओं ने गंगा की धारा में दीपदान करते हुए सुख-समृद्धि और परिवार कल्याण की प्रार्थना की वहीं भारी भीड़ को देखते हुए पांचाल घाट पुल पर जाम ना लगे उसके लिए प्रशासन की ओर से देर रात सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं। यातायात प्रभारी ने बताया बेरीकेड़िंग कराकर भारी वाहनों को वहीं पर रोक दिया गया जिससे आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सैकड़ों पदाधिकारी यातायात व्यवस्था को संभालते नजर आए गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाए गए एसीएमओ रंजन गौतम ने बताया भीषण गर्मी को देखते हुए यहां पर दो कैंप लगाए गए हैं जिसमें दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो ।पड़ोसी जिले से आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया, देर रात से ही पड़ोसी जनपद हरदोई, शाहजहांपुर, मैनपुरी, कन्नौज, इटावा,कासगंज, बदायूं और एटा आदि जनपदों से श्रद्धालुओं का पांचाल घाट पर पहुंचना शुरू हो गया।



गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु अमृत विचार




पांचाल घाट पर लगा स्वास्थ्य शिविर अमृत विचार

## दो लोगों ने गटका कीटनाशक पदार्थ हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज तहसील क्षेत्र में दो लोगों ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गई है।

मोहल्ला पाठक निवासी शिवनारायण का 16 वर्षीय पुत्र अनुरुद्ध व थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैदवाडा निवासी वंदना (28) पत्नी नरेंद्र सिंह ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तभी गंभीर हालत में दोनों के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



सांसद और डीएम पौधरोपण करते हुए । अमृत विचार

### एक पेड़ मां के नाम पर करें पौधरोपण

**फर्रुखाबाद** । विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड मां के नाम 2 .0 थीम पर पौधारोपण हुआ। वन प्रभाग द्वारा रेड रोड इजूकेशनल इन्टरनेशनल पांचाल घाट में थीम आधारित प्रदर्शनी विचार गोष्ठी/संवाद पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत साथ ही वन विभाग स्टाफ और एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, विद्यालय प्रधानाचार्य, विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को वृक्ष लगाने एवं अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये जागरूक करते हुये प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड मां के नाम लगाने एवं उसका संरक्षण करने के लिए अनुरोध किया।

### झपकी आने से कार पोल से टकराई, छह घायल

**जालौन।** गंगा दशहरा पर स्नान करके लौट रही कार के चालक को झपकी आने पर कार बिजली के पोल से टकराने के बाद खंदक में पलट गई। कार पलटने के कारण कार में सवार छह लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मध्यप्रदेश के लहार निवासी रामजीवन ईको कार चलाता है। बुधवार की रात को वह ग्राम मेहरा बुजुर्ग थाना लहार जनपद भिंड मध्य प्रदेश से छह लोगों को गंगा दशहरा स्नान कराने के लिए बिठूर घाट कानपुर ले गया था। स्नान कराकर वह वापस लौट रहा था। दोपहर करीब एक बजे जालौन औरैया मार्ग पर जगनेवा के पास अचानक कार चालक को नींद आ गई और उसकी झपकी लग गयी। झपकी आते ही कार पहले बिजली के पोल से टकरायी और टकराने के बाद कार सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई। कार पलटने के कारण उसमें सवार छह लोग घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से कार में सवार सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### बेतवा नहाने गए तीन दोस्तों में एक डूबा, शव बरामद

**उरई** । कोटरा थाना क्षेत्र में बुधवार बेतवा में नहाने गए तीन दोस्तों में एक की डूबकर मौत हो गई। मोहल्ला उमरारखेरा निवासी रामरतन अहिरवार का पुत्र मनीष कुमार 21 बुधवार की सुबह कुछ देर में आने की बात कहकर घर से चला गया। पिता रामरतन ने बताया कि जब वह दोपहर तक घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरे में बाइक से वह दोस्त सौरभ के साथ जाता दिख रहा था। इस पर उससे पूछताछ की, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। गुरुवार की सुबह परिजनों ने सौरभ से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह मोहल्ले के ही गौरव व सचान के साथ दो बाइकों से बेतवा नदी में नहाने गए थे। जहां सेल्फी लेते समय मनीष का पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने उसकी हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया है।

### किसान ने खेत पर जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी में किसान ने बुधवार की रात खेत पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। भिटारी निवासी कल्लू सिंह 45 वर्ष बीते बुधवार की रात को किन्हीं कारणों के चलते खेत पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और वह उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि उसने खेत में मूंग की फसल बोई थी, जिसमें उपज अच्छी न होने से वह काफी टेंशन में रहता था।

### रामलीला महोत्सव में धनुष यज्ञ लीला का हुआ मंचन

**जालौन।** क्षेत्रीय ग्राम कैंथ स्थित खेरेश्वर हनुमान एवं शंकर मंदिर परिसर में चल रहे 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, साप्ताहिक रामकथा और रामलीला महोत्सव के तहत धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया। रामकथा व रामलीला का अद्भुत संगम देखने को भक्तों की भीड़ उमड़ी। रामलीला मंचन के दौरान जैसे ही जनकपुरी में धनुष यज्ञ की घोषणा हुई, मंच पर विभिन्न प्रदेशों के राजा महाराजाओं के मंच पर प्रवेश करने और शिवधनुष को तोड़ने में विफल होने के दृश्य प्रस्तुत किए गए, तो दर्शकों ने बार–बार तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद जैसे ही रामजी और लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे, तो पूरे वातावरण जय श्रीराम के जयकारों की गूंज उठा। मंचन में राम के शिवधनुष को सहजता से उठाकर तोड़ने के दृश्य को इतनी सुंदरता से प्रस्तुत किया गया कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। धनुष टूटने के साथ ही माता सीता का विधिवत विवाह संपन्न हुआ। रामलीला का संचालन प्रयाग गुरू उरगांव के निर्देशन में हुआ। इसी बीच पांचवें दिन की रामकथा में कथा वाचक अनुज महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्शों, मर्यादाओं और शक्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि श्रीराम केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक आदर्श हैं । यज्ञाचार्य डॉ. शिवशंकर शुक्ला और रामबाबू त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण के साथ वेदिक विधि से यज्ञ क्रियाएं पूरी कराईं।

### हजरत इब्राहीम ने दी लखते जिगर की कुर्बानी

**उरई** । ईदुल अजहा (बकरीद) का त्योहार सात जून दिन शनिवार को मनाया जायेगा। इस त्योहार में तीन दिनों तक हजरत इब्राहीम अलै. के द्वारा खुदा की रजा के लिए तमाम कुर्बानियां पेश करने के बाद भी जब ख्वाब में अल्लाह ने अपनी सबसे अजीज चीज की कुर्बानी पेश करने को कहा तो उन्होंने अपने लखते जिगर (बेटे) हजरत इस्माइल अलै. की कुर्बानी पेश की। छुरी इस्माइल पर चलाई लेकिन अल्लाह के हुक्म अनुसार फरिश्तों ने इस्माइल को हटाकर, और दुम्बा लिटा दिया जिस पर छुरी चली। अल्लाह ने इब्राहीम अलै. की कुर्बानी को कुबूल किया, और दुनिया के तमाम मुसलमानों को इस पर अमल करने की अनुमति प्रदान की, कुर्बानी साहिबे निसाब पर फर्ज की। तभी से तीन दिनों तक भैंसा, बकरा, भेड़ आदि की कुर्बानियों का सिलसिला हजारों सालों से जारी है।

### 32 बीज दुकानों पर छापा दो को कारण बताओ नोटिस

**फर्रुखाबाद** । गुरुवार को शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। छापे के दौरान बीज के 21 नमूने लिए गये एवं 32 प्रतिष्ठानों पर छापा मार और निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। 02 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे दो छात्र गंगा में डूबे, मौत

## सिनौली गंगा घाट पर बहाव तेज होने के कारण डूब गए, मचा कोहराम

संवाददाता, कायमगंज

- थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नगला बीरबल के थे दोनों छात्र.दोनों ने बीएससी किया था
- दोनों कायमगंज नगर से सटे गांव दत्तू नगला में किराये पर कमरा लेकर तैयार करते थे

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को दो युवक गंगा नहाने गए थे। गंगा में नहाते समय दोनों की डूब कर मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंचा।

थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नगला बीरबल निवासी रमन यादव (20) पुत्र रघुवीर सिंह यादव व सचिन सिंह यादव (22) पुत्र श्यामवीर सिंह यादव दोनों दोस्त थे। दोनों कायमगंज नगर से सटे गांव दत्तू नगला में किराये पर कमरा लेकर सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे थे। दोनों बीएससी के छात्र भी थे। उन दोनों को सीनियर छात्र जुगेंद्र सिंह(25) पुत्र त्रिमल निवासी मेवा नगला जनपद अलीगढ़ ट्रेनिंग दे रहे थे। गुरुवार को तीनो रेस लगाने के बाद सीधे सिनौली गंगा घाट पर जा पहुंचें और गंगा में नहाने के लिए उतर गए। वहीं गंगा का बहाव तेज होने के कारण तीनों डूब गए। जब वहां पर मौजूद लोगों ने देखा तो चीख पुकार मच गयी और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसी बीच लोगों ने ट्रेनर जुगेंद्र को पानी से बाहर निकालकर बचा लिया। लेकिन रमन और सचिन का पता न चल सका। तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद दोनों दोस्त रमन और सचिन को गंगा से बाहर निकाल लिया। गंभीर हालत में दोनों को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भिजवाया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर विपिन कुमार ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। रमन और सचिन एक ही गांव के थे और दोनों मे बहुत अच्छी दोस्ती थी। दोनों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। रमन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं उसकी एक बहन भी है। वहीं सचिन दो भाई व तीन बहने हैं। वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





रमन व सचिन की फाइल फोटो।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद** । आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में विश्व पर्यावरण दिवस पर 12 यू. पी.बटालियन एन.सी.सी. के कमाण्डिंग आफीसर कर्नल ए एस मलिक वी.एस.एम. के कुशल निर्देशन में 15 एनसीसी कैडेट्स के द्वारा 20 पौधे लगाये गये।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। प्रधानाचार्य संजीव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्त्व है। हमें अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का शुद्ध होना बहुत जरूरी है। आजकल के समय में बढ़ते वाहनों से पर्यावरण प्रदूषण बहुत बढ़ रहा है। पर्यावरण में फैली विषाक्त गैसों के कारण ही बीमारियां जन्म ले रही हैं। अतः आज के युग में पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता है। अतः आज हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि किसी न किसी बहाने से हम वृक्षारोपण अवश्य करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे।

# भाजपा ने पर्यावरण दिवस मनाया, किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्म दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आवास विकास में वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ,पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपित किए। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया। भाजपा सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में गरीबों वंचितों शोषित और दलित वर्ग के लोगों का जनकल्याण करने का कार्य किया। जो प्रदेश कभी बीमारू राज्य हुआ करता था, आज उसे प्रदेश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे, रोजगार और बिजली पानी की सुचारू व्यवस्था चल रही है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत, अभिषेक बाथम, पूर्व जिला महामंत्री प्रभात अवस्थी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, अभिषेक बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया, फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रमला राठौर, बढ़पुर पश्चिम मंडल अध्यक्ष संतोष राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते भाजपा जिला अध्यक्ष ।

- भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में पौधरोपण
- कहा,योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया

# 25 हजार के इनामी चोर को पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** योजनाबद्ध तरीके से चोरी करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के ईनाम घोषित चोर को सामान बेचने जाते समय पुलिस ने गिरफ्तार कर किया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी किए गए सोने, चांदी के आभूषण व एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह व चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ बुधवार की रात नगर में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब सवा 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी का माल बेचने के लिए जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सारंगपुर मार्ग पर स्थित काली माता मंदिर के पास पहुंच गई। जहां सारंगपुर की ओर से आ रहे युवक समीम पुत्र नासिर खान निवासी रापटगंज को पुलिस ने रोककर उससे पूछताछ की तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से चोरी के जेवरात के साथ एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। उनके पास से मिला सामान उसने 28 मई को रात में मोहल्ला तोपखाना निवासी असलम के मकान से चुराया था। जिसे वह बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जालौन कोतवाली में 13 मुकदमे योजना बनाकर चोरी करने व गैंगस्टर के दर्ज है। वर्ष 2009-2011 में दर्ज हुए मामले के बाद आरोपी फरार हो गया था।

फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित कर रखा था।

## घर से निकली युवती हुई लापता मामला दर्ज

**जालौन।** तीन दिन पूर्व कपड़ों की सिलाई कराने के लिए घर से निकली युवती गायब है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र एक गांव से तीन जून को अपरान्ह तीन बजे 21 वर्षीय युवती कपड़ों की सिलाई कराने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। जब वह शाम छह बजे तक घर वापस नही आई तो परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की।

इस दौरान पिता को पता लगा कि उनकी पुत्री को कालपी थाना क्षेत्र के ग्राम लुहरगांव निवासी युवक राजेश प्रनामी अपने साथ बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। जिसके बाद पिता ने पुलिस को आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# कठिन प्रशिक्षण के बाद 507 सैनिक राजपूत रेजिमेंट में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण से सफलतापूर्वक गुजरने के बाद, 507 अग्निवीर गौरवशाली राजपूत रेजिमेंट में शामिल हुए।

ब्रिगडियर माईकल डिसूजा, युद्ध सेवा मेडल, कमान्डेंट, राजपूत रेजिमेंट सेंटर ने एतिहासिक करिअप्पा मैदान में इस प्रभावशाली परेड का निरीक्षण किया । जिसका नेतृत्व परेड कमांडर, अग्निवीर भूर सिंह ने किया । अग्निवीरों के आगे बढ़ते कदमों से पूरा परिसर गूंज उठा जिससे सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। अग्निवीरों ने पूरे उत्साह, जोश, और उमंग के साथ परेड को सम्पन्न किया । अग्निवीरों के माता-पिता और परिवारीजन भी परेड के दौरान उपस्थित रहे और उनका अपने बच्चों को सैनिक वर्दी में देखने का सपना भी पूरा हुआ । अग्निवीरों ने पिछले 31 सप्ताह के दौरान, कर्तव्य निष्ठा, सम्मान और बलिदान के उच्च मूल्यों पर आधारित कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और देश भर में राजपूत रेजिमेंट की विभिन्न बटालियनों में सेवा करने के लिए अपनी यात्रा शुरु करेंगे ।

इस दौरान अग्निवीर (रिक्रूट) आशुतोष सिंह को ओवरऑल बेस्ट इन मेरिट के लिए बेस्ट अग्निवीर पदक से सम्मानित किया गया । कमांडेंट, राजपूत रेजिमेंट सेंटर, फतेहगढ़ ने सभी अग्निवीरों को बधाई दी ।उन्होंने यह भी कहा कि राजपूत परिवार का हिस्सा बनना बड़े ही गर्व और सौभाग्य की बात है और प्रशिक्षण के दौरान जो सिखाया और बताया गया है उसे अब राष्ट्र हित में लाने का समय आ चुका है ।



ब्रिगेडियर जवान के परिजनों से बात करते हुए । अमृत विचार

विश्व पौधरोपण दिवस | जिस प्रकार मां हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं

# एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विधायक ने किया पौधरोपण

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** विश्व पौधरोपण दिवस के अवसर पर बोहदपुरा नर्सरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक वर्मा ने अपने हाथों से पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह पर्यावरण की रक्षा हेतु आगे आएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और वन विभग के अधिकारी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



पौधरोपण करते विधायक ।

**गौ सेवा कर हुआ पौधरोपण:**

**कालपी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन जिले में गौ सेवा के अध्यक्ष की अगुआई में मनाया गया। विश्व पर्यावरण के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन कर गौसेवा कर पौधरोपण भी किया ।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला में मनाया गया। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री तथा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने मुख्यमंत्री की लम्बी उम्र के लिए हवन पूजन किया गया तथा गौपूजन कर उन्हें गुड़ चना व केला आदि खिलाया गया । इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



श्याम बिहारी गुप्ता को प्रतीक चिह्न भेंट करते कार्यकर्ता।

# यमुना में नहाने के दौरान युवक डूबा, लापता

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार** । मथुरा जनपद से अपने ममेरे भाई की होने वाली ससुराल शेखपुर गुढ़ा आया युवक नहाने के दौरान यमुना में डूब गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गुढा निवासी मंगली पुत्र रंगीलाल की पुत्री की शादी मथुरा जनपद के ग्राम बिसम्भरा थाना शेरगढ़ निवासी कमल सिंह के साथ होना तय हुई थी कुछ दिनों पहले ही लड़की के परिजन रिश्ता तय करने भी गये थे लेकिन कुछ दिनों पूर्व मंगली की पत्नी दुर्घटना में घायल हो गयी थी जिसकी जानकारी पाकर कमल सिंह की बहन नीरज व उसका पति नारायण सिंह तथा कमल का फुफेरा भाई कान्हा पुत्र रतन सिंह निवासी मथुरा भी बुधवार को आया हुआ था और गुरुवार को गंगा दशहरा का पर्व होने के चलते वह गांव के पास स्थित यमुना नदी में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी मे समा गया था।

जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने खोजी अभियान शुरू कर दिया था । इस दौरान युवक के यमुना में समाने की जानकारी पर मौके पर तहसीलदार अभिनव तिवारी व अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ ने स्थानीय गोताखोरों के जरिए खोजी अभियान चलाया, लेकिन घण्टों की मशक्कत के बाद भी यमुना में समाए युवक का पता नहीं चल सका है। खोजबीन के लिए शासन से एसडीआरएफ की टीम मांगी है ।

### पुत्री के गायब होने पर दर्ज कराया मुकदमा

कालपी। एक गांव में सुबह अपने घर का कूड़ा फेंकने निकली 20 वर्षीया युवती के गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौक निवासी वादी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सूरत गुजरात में काम धंधा करता है। दिनांक 4जून 2025 की सुबह करीब 6 बजे मेरी 20 वर्षीया पुत्री अपने घर का कूड़ा फेंकने के लिए निकली हुई थी। लेकिन वह वापस नहीं लौटी है। वादी ने अपनी पुत्री का मोबाइल नंबर का हवाला देते हुए कहां कि एक मोबाइल धारक के नंबर पर बराबर बात करती थी। इस पर पुत्री को डाटा भी था। पुत्री सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम का प्रयोग भी करती थी। पीड़ित ने मोबाइल धारक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की विवेचना ज्ञान भारतीय चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा को सौंपी गई है।

# गंगा दशहरा पर नहर नहाने गए दो डूबे

## कचौरा बाईपास रोड व जगसोरा पुल पर हुईं घटनायें, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** गंगा दशहारा पर क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर नहर में नहाने के लिए गए दो युवक नहाते समय डूब गए। युवकों के डूबने की जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे । पुलिस ने गोताखोरों की मदद से डूबे युवकों की तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों के शवों को बरामद कर लिया। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिसने शवों को कब्जे में लेकरउन्हें पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण ।

- सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस ने दोनों के शवों को किया बरामद

पहली घटना सुबह करीब नौ बजे कचौरा बाईपास रोड पर घटी। एटा जिले के निधौली कलां थाना क्षेत्र के गांव मुमिया खेडा निवासी विवेक कुमार 21 वर्ष पुत्र रामनरेश क्षेत्र के एक कालेज में परीक्षा देने के लिए आया था। दशहरा के अवसर पर वह अपने कुछ साथियों के साथ नहर नहाने पहुंच गया था। वहां पर नहाने के दौरान तेज बहाव के कारण वह पानी में डूब गया। उसके डूब ने की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन कराई। पुलिस तथा गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव 5 घन्टे बाद लगभग 2 बजे घटनास्थल से 100 मीटर दूर मिला। इस घटना के बाद से उसकी बहन सुधा तथा भाई व मां माया का रो रो कर बुरा हाल है जबकि उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

दूसरी घटना दोपहर लगभग 12 बजे जगसोरा पुल के पास हुई, जहां 30 वर्षीय हिमांशु उर्फ चंदन पुत्र श्याम बिहारी उर्फ पप्पू निवासी जगसोरा जो मजदूरी का काम करता था नहाने के लिये नहर में कूद गया और वह भी तेज धारा में बह गया। हिमांशु बुधवार शाम को ही अपने पैतृक गांव आया था और वर्तमान में अपने पिता के साथ पुखरायां में रह रहा था, जो झांसी डिपो में बस चालक हैं। लगभग 4:00 बजे घटना स्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर गोताखोरों ने हिमांशु के शव को भी खोज निकाला। जानकारी मिलने पर तहसीलदार दिलीप कुमार, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह, चौकी इंचार्ज मनीष कुमार और उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह रामदास सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। शवों के बरामद होने के बाद पुलिस ने शवों को पोस्ट मार्टम के लिएभेज दिया।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी चिंताजनक हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

गुरुवार को ललित पुत्र ओमप्रकाश व शशि पत्नी नरेश निवासीगण चक सलेमपुर बाइक पर सवार होकर जसवंतनगर होते हुए इटावा दवा लेने जा रहे थे जैसे ही वह ग्राम कैस्त के पास एक होटल के सामने पहुंचे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार सुरजीत पुत्र रघुवीर निवासी आलमपुर नरिया से आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत हो गई । जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु भेजा जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लोगों ने श्रद्धा के साथ लगाई डुबकी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** गुरुवार को गंगा दशहरा का पावन पर्व श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने यमुना में डुबकी लगाई और पूजन अर्चन कर दान पुण्य भी किया। हिंदू घरों व मंदिरों पर धार्मिक आयोजन हुए और कई स्थानों पर शर्वत भी पिलाया गया तथा भंडारे भी आयोजित किये गये ।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि गंगा दशहरा के नाम से जानी जाती है। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा अर्चना का विशेष विधान है। दशहरा पर देर शाम तक जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे। सुबह 5:00 बजे से श्रद्धालुओं का यमुना तट पर पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर 12:00 बजे तक स्नान का सिलसिला चला। श्रद्धालुओं ने यमुना में डुबकी लगाने के बाद पूजन अर्चन किया इसके बाद यमुना किनारे घाटों पर बने मां गंगा माता मंदिर, ग्यारह रूद्रेश्वर महादेव, मां पीतांबरा मंदिर, धूमेश्वर महादेव, नरसिंह मंदिर व अन्य मंदिरों पर जाकर भी पूजा अर्चना की। हनुमान घाट पर बने गंगा माता मंदिर में पुजारी महेश दीक्षित ने माता का विशेष श्रृंगार किया और आरती उतार कर प्रसाद वितरित किया।



यमुना में स्नान करते श्रद्धालु ।

- इस मौके पर तमाम स्थानों पर हुए धार्मिक आयोजन
- लोगों ने यमुना में स्नान करके मनाया त्योहार

हिंदू घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा व हवन पूजन के कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके अलावा लोगों के द्वारा मिट्टी के मटके, सुराही, हाथ के पंखे, सत्तू, तरबूज, खरबूजा, आम केला व अन्य सामग्री का दान किया गया। नगर पालिका के द्वारा इस बार गंगा दशहरा पर विशेष इंतजाम किए गए थे जहां पानी तक पहुंचने के लिए अस्थाई रास्ता बनाया गया था । वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा।

# ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर करायें मरम्मत : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सड़क दुर्घटनाओं में 12.5 प्रतिशत मृतकों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मेंसड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 45.8 प्रतिशत घायलों एवं 12.5 प्रतिशत मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर तुरंत मरम्मत कराई जाए क्योंकि इसकी वजह से बहुत लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर अतिरिक्त सावधानी हेतु बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी एवं अवैध बस स्टैण्ड की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं इनपर ध्यान दिया जाए। जो लोग हाईवे पर अनावश्यक जाम लगाते है उनकी गाड़ी सीज कराई जाए। डंपर वाले बहुत ही गैर जिम्मेदारी से गाड़ी चलाते हैं उनपर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय वहां जीरो रिस्पॉन्स टाइम में पहुंचे एवं घायलों को लाकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए। बैठक में सीओ सिटी राम गोपाल शर्मा, ईओ नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, एआरटीओ, विद्युत विभाग, पीडब्लूडी व अन्य अधिकारी रहे।

# आचार्य श्रीराम शर्मा को किया याद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** मोक्षदायिनी मां गंगा दशहरा एवं वेद माता गायत्री जयंती के अवसर पर पारंपरिक रूप से यज्ञ का आयोजन पक्का तालाब स्थित श्री जागेश्वर नाथ मंदिर पर बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से संपन्न हुआ। इसी अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण अवसर पर भी कई कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित की और विश्वकल्याण की प्रार्थना की। इसी अवसर पर यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के जन्म दिवस पर उनके अभियानों की सफलता और दीर्घ जीवन के लिए प्रार्थनाएं कर आहुतियां समर्पित की गई



यज्ञ करते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

गायत्री परिजन राम गोपाल चतुर्वेदी,राजा पिस्तम गुप्ता एवं विकास सिंह चौहान द्वारा यज्ञ संपादित कराया गया। परिजन सूर्यकांत एवं सुनीता तिवारी के वैवाहिक वर्षगांठ पर कांति दीक्षित आदि ने पुष्प वर्षा आदि कर स्वागत किया। इस अवसर पर राम अवतार सक्सेना , अरविंद सोनी गाड़ीपुरा, स्वर्गीय बनारसी सिंह चौहान की लंबी साधना सेवाओं के लिए उनके पुत्र विकास सिंह चौहान को तथा सामाजिक कार्यकर्ता गणेश ज्ञानार्थी आदि को विचार क्रांति अभियान में सक्रिय भागीदारी और सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यज्ञादि में भाग लेकर सर्वश्री पुष्कर द्विवेदी,राम अवतार सक्सेना, मुन्नालाल शर्मा, ,इंजीनियर आशाराम आर्य, शिवराम त्रिवेदी, प्रभू दयाल राजपूत,शंकर राम त्रिपाठी, प्रणव आनंद रीना आनंद, नीरज वर्मा आदि रहे।

# डॉ. हरीश कुमार अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप के लिए चयनित

**सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हरीश कुमार का चयन ब्रिटेन की प्रतिष्ठित एनएचएस राइटिंगटन ट्रैवलिंग फेलोशिप के लिए हुआ है। यह फेलोशिप इंग्लैंड के विगान स्थित लीड्स यूनिवर्सिटी के राइटिंगटन , बिगएन, एंड लीग हॉस्पिटल में प्रदान की जाएगी। फेलोशिप के दौरान डॉ. हरीश कुमार घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) एवं दूरबीन विधि (आर्थोस्कोपी) से जुड़ी नवीनतम सर्जरी तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। डॉ. हरीश कुमार को अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप के लिए चयनित होने पर विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.के. जैन ने बधाई दी।

## सार-संक्षेप



जिला अस्पताल में शर्बत वितरण करते धर्मार्थ शाखा के पदाधिकारी । अमृत विचार

### गंगा दशहरा पर किया गया शर्बत का वितरण

**इटावा ।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में चलाई जा रही शीतल जल सेवा प्याऊ स्थल पर दो ड्रम शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी सदस्यों को ऋतु फल आम भेंट किये। शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, घनश्याम तिवारी, रनवीर सिंह गौर, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, शैलेन्द्र सिंह राठौर, अरविन्द कुमार पोरवाल, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, गिरिजेश तोमर, रमाकांत पाठक, हरि प्रकाश शुक्ला, बी एन मिश्रा, राजेश मिश्रा, मंजुल चतुर्वेदी, जितेंद्र शुक्ला, सुधीर मिश्र, देवेश शास्त्री, रवि शंकर चौधरी, मुजफ्फर अली लड्डन, दिनेश राजपूत, गौतम का सहयोग रहा। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने रेलवे-स्टेशन प्लेट फार्म नम्बर दो और तीन पर यात्रियों को शर्बत वितरण किया। इस अवसर पर संजय मिश्र पूर्व प्रान्तीय महासचिव, अध्यक्ष हरी शंकर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष-विवेक रंजन गुप्त, गतिविधि संयोजक पर्यावरण शैलेष कुमार पाठक एडवोकेट, गतिविधि संयोजक सेवा सौरभ कुमार सक्सेना, गतिविधि संयोजक सम्पर्क राजीव लोचन दीक्षित, गतिविधि संयोजिका महिला सहभागिता, निशा गुप्ता, लालजी प्रसाद दुबे जल सेवा संयोजक, प्रमोद कुमार पाण्डेय, राम मनोहर दीक्षित, शिवचरण सिंह राठौर,आशाराम मिश्रा रहे।

### ट्रेन में किशोर हुआ जहरखुरानी का शिकार

**इटावा ।** जसवंतनगर और सराय भूपत के बीच ट्रेन में किशोर जहरखुरानी का शिकार हो गया। किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहुल पाल 17 वर्ष जसवंतनगर रेलवे स्टेशन से सराय भूपत के लिए ट्रेन में सवार हुआ। परिवार के अनुसार ट्रेन में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे पानी पीने को दिया। नशीला पदार्थ पीने के बाद वह जैसे-तैसे सराय भूपत स्टेशन तक पहुंचा और घर भी चला गया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे डॉ भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने बताया कि किशोर नशे की हालत में था। उसका उपचार किया जा रहा है।

### क्षेत्राधिकारियों का कार्यक्षेत्र बदला

**इटावा ।** एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिले की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए तीन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया। जनपद ललितपुर से स्थानांतरित होकर आए पुलिस उपाधीक्षक अभय नारायण राय को इटावा सदर का क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया। इटावा सदर के क्षेत्राधिकारी रामगोपाल शर्मा को सैफई का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। सैफई में तैनात पुलिस उपाधीक्षक राम दवन मौर्य को चकरनगर के क्षेत्राधिकारी की कमान सौंपी गई।

### सुंदर कांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन

**इटावा।** मां धूमावती मैया की जयंती के शुभ अवसर पर राहतपुरा अड्डा स्थित श्री हटीले हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री रमेश यादव और वरिष्ठ सदस्य डॉ अरविंद दुबे के द्वारा हटीले हनुमान मंदिर पर सुंदर कांड पाठ के पाठ का आयोजन किया गया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी सदस्य महेश चंद्र दीक्षित, गगन पंडित, रेशु चौहान, अर्जुन कुशवाह, सुरेंद्र कुशवाह, रूबी दुबे, मांडवी यादव, प्रभा दुबे आदि हैं।

### हुड़दंगियों ने स्टेशन परिसर में की पत्थरबाजी, तीन घायल

**भरथना।** मुस्लिम त्योहार बकरीद को लेकर जहां पूरे प्रदेश का पुलिस प्रशासन हाई एलर्ट मोड पर है वहीं बकरीद के दो दिन पहले कुछ अज्ञात हुड़दंगियों ने क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश कर डाली और भरथना रेलवे स्टेशन से रेलवे परिसर पर जमकर पत्थरबाजी की। रेलवे बुकिंग के पास खड़े क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलहौसी के प्रधानपति सर्वेश यादव , विशाल दिवाकर ,अंशू दोहरे पत्थरबाजी की चपेट में आकर लहूलुहान हो गए। पुलिस वहां पहुंचती इससे पहले हुड़दंगी भाग निकले।

# ताऊ के लड़के ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**सैफई।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। घर में अकेली मौजूद किशोरी के साथ उसके ताऊ के बेटे ने जबरन दुष्कर्म किया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दो जून की सुबह करीब 11 बजे किशोरी घर में अकेली थी। इसी दौरान उसका ताऊ का बेटा नीरज घर में घुस आया और जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता द्वारा स्वजनों को जानकारी देने पर आरोपी के भाई धर्मेंद्र ने भी जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार तड़के लगभग चार बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी नीरज को गांव के पास तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पहले उससे पूछताछ की उसके बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी को जेल भेज दिया ।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



ईओ को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो. राशिद।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष एंव शहर अध्यक्ष ने लाइनपार क्षेत्र में पानी और जलभराव तथा अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो राशिद ने शिष्टमंडल के साथ अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद इटावा विनय मणि त्रिपाठी को अशोक नगर में व्याप्त समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया। इसी क्रम में लाइनपार क्षेत्र में व्याप्त जलभराव तथा अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल समस्या के समाधान की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि अगर पेयजल की समस्या का हल शीघ्र नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान ने कहा लाइनपार क्षेत्र में पेयजल, जलभराव की गम्भीर समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है । इस अवसर पर पल्लव दुबे, वाचस्पति द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी, सचिन शंखवार, ऋषभ आदि रहे।

# रोजगार योजना के तहत युवाओं को दी जानकारियां

**महेवा।** विकास खंड सभागार में क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक संजीव सिंह तोमर व खंड विकास अधिकारी यदुवीर सिंह के नेतृत्व में सीएम युवा योजना के अंतर्गत लोगों में जागरूकता प्रदान करने हेतु एक विशेषशिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150से ज्यादा लोगों ने भागीदारी की तथा 48 लाभार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया ।

कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र से आए गौरव कुमार सिंह ने युवाओं को बताया कि यह स्वरोजगार देने के लिए एक श्रेष्ठ योजना है । इसका लाभ उठाना चाहिए तथा उक्त योजना में कोई ब्याज भी नहीं है तथा दस प्रतिशत धनराशि माफ भी है । उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से अभिषेक पाठक (जिला समन्वयक),बीपी मीणा शाखा प्रबंधक बिजौली,गौरव दुबे शाखा प्रबंधक नगला बनी, दुर्गेश नंदनी शाखा प्रबंधक महेवा, देवेंद्र कुमार शाखा प्रबंधक निवाड़ीकला व त्रिभुवन कुमार सक्सेना शाखा प्रबंधक लुधियानी आदि मौजूद रहे ।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु । अमृत विचार

संवाददाता महेवा इटावा

- लोगों ने कलश यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित श्री सिद्धनाथ जी महाराज मंदिर पर देव मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम दिन गाजे बाजे के साथ भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई।

भागवत पंडाल से शुरू हुई कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश धारण किए तथा पुरुष भक्त ,छोटे बच्चे भक्तिमय गानों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे । भगवताचार्य पंडित भगवानदास त्रिपाठी एवं सहायक आचार्य कपिलदेव त्रिपाठी ने विधिविधान से कलश यात्रा शुरू कराई परीक्षित के रूप में चंद्रावती त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं आयोजक राजीव चौधरी पोथी धारण किए आगे चल रहे थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी महेवा के पी सिंह मय हमराह फोर्स के थे । कस्बा में भ्रमण करने के बाद कलश यात्रा पंडाल स्थल पर समाप्त हुई। भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम ने भागवत पंडाल में पहुंचकर कथावाचक आचार्य भगवान दास त्रिपाठी , सह परीक्षित राजीव चौधरी का पगड़ी पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

विश्व पर्यावरण दिवस

## लगाये गये पौधों की बड़े होने तक देखभाल भी करें : डीएम, जिले भर में तमाम जगहों पर हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हुआ पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में नगर वन में आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी ने बहेड़ा में पौधा लगाकर आमजनों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम रोपित कर बड़ा होने तक उसकी देखभाल करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा ने बरगद, भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने नीम, सदर विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई ने पीपल का पौधा अपनी अपनी माँ के नाम रोपित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का हरित क्षेत्र निरंतर बढ़ता जा रहा है। उक्त अवसर पर पर्यावरण विद् डॉ.राजीव चौहान, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, जेआरएफ डॉ.संगीता, सामाजिक वानिकी प्रभाग,आदि मौजूद रहे। पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण छात्र संसद, जन शिक्षण संस्थान तथा भारत विकास परिषद तुलसी की ओर से पौधारोपण तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



पौधरोपण करते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार





पौधरोपण करते पान कुंवर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

पान कुवर स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केके डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण को लेकर जागरूक रहना है और इस तरह से काम करना है जिससे पर्यावरण को कोई खतरा न हो बल्कि पर्यावरण संरक्षित हो। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेवरा के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें स्वयं पहल करनी होगी पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक व विद्यालय के प्रबंधक डा कैलाश यादव ने कहा कि पौधों को लगाए जाने के साथ ही पौधों की देखभाल भी करें। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डा मुकेश यादव तथा एच एन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पवन यादव, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान की संयोजक आशीष दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सड़क के किनारे कुल 21 पौधे लगाये। अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रत्युष कुमार तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के फेफड़े हैं । प्रधानाचार्य सुनील दत्त अवस्थी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है।

# तालाब में डूबने से किसान की गई जान, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला भगौती गांव में एक किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इकदिल थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

कानपुर देहात के अमराहट थाना क्षेत्र के चकई गांव निवासी रामनरेश सिंह 45 वर्ष पुत्र लाखन सिंह अपनी पत्नी की दवा लेने ससुराल आया था। रात करीब 11 बजे वह टॉयलेट के लिए घर से बाहर निकला। इसके बाद वह लापता हो गया। परिजनों ने दो दिन तक उनकी तलाश की। कोई सुराग न मिलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुरुवार सुबह तालाब में एक शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान रामनरेश सिंह के रूप में हुई। मृतक के साले का कहना है कि रात में टॉयलेट जाते समय वह तालाब के किनारे फिसल गए होंगे। तालाब की गहराई लगभग 30 फीट है। रामनरेश सिंह खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उनके परिवार में पत्नी सुमन देवी, दो बेटे और दो बेटियां हैं।

### ट्रेन में बीमार महिला की हुई मौत

**इटावा ।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में महिला यात्री सुनैना 59 वर्ष पत्नी राजनगर हिलरना नालन्दा बिहार की तबियत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव को साथ ले गए।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, अयाना (औरैया)

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा का पर्व गुरुवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उन्होंने आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा-पाठ कर मां गंगा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

गुरुवार को यमुना नदी के जुहीखा, बीझलपुर, सेंगनपुर, फरिहा घाट पर सूरज की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। और पुण्य दान कर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में पूजन और स्नान कर मन्नतें मांगी। और साधुओं को आटा, चावल, उड़द, गुड़, शर्बत व पंखे आदि श्रद्धानुसार दान तथा दक्षिणा देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुरक्षा के दृष्टिगत ट्रेनी सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार घाटों का निरीक्षण करते रहे। वहीं घाटों पर पुलिस कर्मियों के साथ स्थानीय गोताखोर भी मौजूद रहे।


घाटों की सुरक्षा व्यवस्था देखती पुलिस। अमृत विचार


क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

## गंगा दशहरा पर उमड़ी भीड़, क्रॉसिंग पर लगा जाम

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग के रेलवे स्टेशन अछल्दा की पूर्वी क्रॉसिंग 13-बी समय से न खुलने पर जाम लग गया। गंगा दशहरा पर सुबह से ही गुरुवार को स्नान के लिए लोग निजी वाहन से कन्नौज जाने ले लिए निकले। इससे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बड़े वाहनों की पहले से ही नो एंट्री लगी है। श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा पर गंगा स्नान के लिए कन्नौज जाते दिखाई दिये। रेलवे क्रॉसिंग समय से न खुलने पर दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लगा। निचली गंग नहर पुल पर लगाए गए हाइटगेज के चलते मिनी ट्रक अपराह्न तीन बजे से फंसने के चलते 40 मिनट वाहनों का लंबा जाम लगा रहा, पुलिस ने वाहनों को वन-वे से निकाला गया। वाहनों को निकलने के बाद मिनी ट्रक को ब्रेक करवाते हुए चिंता नगला-घसारा रोड से निकाला गया। हरीगंज बाजार फफूंद मार्ग पर हाइटगेज करीब दो माह से टूटा हुआ है, पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के चलते टूटा हाइटगेज नहीं लग पाने से बड़े वाहन कस्बे से निकलकर नहर पुल पर पहुंचने से जाम लग जाता है।

# स्कूल, कॉलेजों में किया पौधरोपण

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक अनूठी पहल की गई। 5 जून को पुनीत सागर अभियान के तहत एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक मंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी मां स्व. प्रभा सिंह की स्मृति में पौधा लगाया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह यादव ने भी पौधरोपण में भाग लिया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी गौरव कुमार गुप्ता, जितेंद्र पाल सिंह चौहान और संदीप सिंह राठौर ने भी योगदान दिया। शिक्षकों में मोनू भदौरिया, गोविंद प्रताप सिंह और मनोज श्रीवास्तव आदि ने भी पौधे लगाए।

**अजीतमल संवाददाता के अनुसार:** कस्बा के जनता इंटर कॉलेज में समर कैम्प आयोजन के 16वें दिन प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन उपाध्याय व क्रीड़ाध्यक्ष होशियार सिंह राजपूत द्वारा व्यायाम एवं योगाभ्यास के साथ-साथ एडवांस योगा का अभ्यास भी कराया गया। प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन उपाध्याय व शिक्षक राहुल चौहान द्वारा आसपास स्थित प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। साथ ही इनसे संबंधित ऐतिहासिक, भौगोलिक, रीति- रिवाज, परंपराओं एवं हस्तशिल्प आदि से अवगत कराया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने इन विशेष गतिविधियों मेंअति उत्साह से प्रतिभाग किया। विभाग द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत छात्रा कुमारी वैष्णवी ने अपनी मां अंजलि देवी के नाम एक पेड़ का रोपण किया।




बिधूना के गजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में पौधरोपण करतीं प्रबंधक मंजू सिंह व अन्य। अजीतमल के जनता इंटर कॉलेज में पौध रोपित करते शिक्षक। अमृत विचार

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## पुलिस ने दर्जन भर से अधिक असलहा व बनाने के उपकरण जब्त किए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ अन्य थानों में मुकदमा दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से एक दर्जन से अधिक असलहा बरामद हुए हैं।

सदर कोतवाली में खुलाशा करते हुए एसपी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई स्वॉट टीम व कोतवाली पुलिस ने दयालपुर में अंडरब्रिज के पास राजपूत मोहल्ले में स्थित एक मकान की रात लगभग साढ़े तीन बजे संयुक्त रूप से घेराबंदी की। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने भागने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस ने मौके से अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ शुआ व दिबियापुर थाना क्षेत्र के भियांपुर ककोर निवासी लवकुश को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मौके से पुलिस ने 315 बोर के 10 तमंचे, 12 बोर की एक बंदूक, 12 बोर की एक अधिया, 32 बोर की एक रिवाल्वर, 32 बोर की एक पिस्टल, छह अधबनी अधिया समेत कारतूस व असलहा बनाने के उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार किए गए आरोपी लवकुश पर पहले से ही जिले के दिबियापुर व सदर कोतवाली में गैंगस्टर, एससीएसटी समेत छह मामले दर्ज हैं। वहीं राजकुमार पर भी सदर व अजीतमल कोतवाली में गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास समेत सात मामले दर्ज हैं। बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यह लोग काफी दिनों से काम कर रहे हैं। बाहर से कबाड़ के भाव कच्चा माल खरीदकर लाते हैं और नए तमंचे बनाकर बाहर ऊंचे दामों में बेचकर रुपये कमाते हैं। एसपी ने बताया कि आरोपियों से अभी और पूछताछ की जाएगी। इससे इन लोगों के द्वारा किस-किस को असलहा बेचे जाते हैं उनका भी पता लगाया जा सके। एसपी ने असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने वाली टीम को 25 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की है।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपित करते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार


फफूंद के श्री राधा कृष्णा इंटर कॉलेज में पौधा रोपित करते शिक्षक। अमृत विचार

# अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने रोपित किए पौधे

औरैया टीम

- शहर समेत फफूंद, अजीतमल बिधूना में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों ने पौधे रोपित किये। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौधरोपण करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता करते हुए पौधरोपण करें, जिससे पर्यावरण संतुलन को बिगड़ने से रोका जा सके। पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की अहम भूमिका है। इनके माध्यम से मनुष्य जीवन के साथ-साथ जीवों को बहुत कुछ प्राप्त होता है। आज किये गये रोपित वृक्षों से आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद मौजूद रहे।


फफूंद की ग्राम पंचायत कोठीपुर में पौधा रोपते ग्राम प्रधान व अन्य। अमृत विचार

**फफूंद संवाददाता के अनुसार:** नगर के कटरा मनेपुर में स्थित श्री राधा कृष्णा इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रदेश की सामाजिक संस्था ओजस्वी फाउंडेशन ने पौधा रोपण किए। गुरुवार को ओजस्वी फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्षा अपर्णा सिंह पर्यावरण दिवस पर राधा कृष्ण इंटर कॉलेज पहुंची। जिसमे उन्होंने कॉलेज परिसर में कई किस्म के पौधे लगाए व पर्यावरण पर पेडों की अहमियत को बताया। उन्होंने कहा कि आज पेड़ो का कटान बड़े स्तर पर जारी है। लेकिन पेड़ों को कैसे संरक्षित करे इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। सोशल वेलफेयर के कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी ने कहा कि भविष्य को सुरक्षा रखने के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी।

हमें मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास करना चाहिए है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, मीडिया प्रभारी अखिलेश पाल, जिलाध्यक्ष मो. शारिक, ब्लॉक सचिव राम किशोर कठेरिया, सपना शर्मा, राधा कृष्ण इंटर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य गिरीश दुबे, विपिन कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मोहित यादव, रजनीश दुबे, अभिलाख नागर आदि मौजूद रहे।

वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोठीपुर में पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा लगाने के साथ-साथ पौधा बचाने का भी संकल्प लिया गया। ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पर्यावरण प्रदूषण एक भाव है समस्या बनता जा रहा है। इसके लिए मानव का कर्तव्य है कि पृथ्वी और पृथ्वी पर प्रत्येक प्राणी जीवन रक्षा के लिए वृक्षारोपण करे। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, राकेश राजपूत, राजेश दोहरे, रुनम मिश्रा, राकेश बाथम, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सालय में मनाया विश्व क्लब फुट-डे

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय में अनुष्का फाउंडेशन की ओर से विश्व क्लबफुट दिवस मनाया गया। अनुष्का फाउंडेशन, एक गैर-लाभकारी संगठन जो भारत में क्लबफुट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अस्पताल में प्रत्येक बुधवार को क्लब फुट क्लीनिक में बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाता है। फाउंडेशन के साथ साझेदारी में यहां आर्थोपेडिक डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जाता है।

डॉ कंदर्प यादव ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से एक को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उचित उपचार से क्लबफुट का पूरी तरह से इलाज संभव है और आजीवन विकलांगता से आसानी से बचा जा सकता है। इस मौके पर डॉ. राजीव रस्तोगी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. माया शंकर (असिस्टेंट प्रोफेसर), डॉ मोहिता पाण्डेय, अनुष्का फाउंडेशन के प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव सत्येन्द्र सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# मछली पकड़ने आए शिकारी का यमुना में उतराता मिला शव

संवाददाता, अयाना

- अयाना थाना क्षेत्र के खेराडांडा स्थित यमुना नदी का मामला
- जालौन जिले के कुठौंद थाना के गांव सिलउआ जागीर का था निवासी

**अमृत विचार।** थाना के खेराडांडा स्थित यमुना नदी में गुरुवार सुबह एक शिकारी का शव पानी में उतराता मिला। वह बुधवार शाम को घर से यमुना नदी में मछली पकड़ने के लिए निकला था। लापता होने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे।

जालौन जिले के कुठौंद थाना के गांव सिलउआ जागीर निवासी मनोज निषाद 37 यमुना नदी से मछली पकड़कर परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार सुबह खेराडांडा निवासी मामा राजकुमार ने उसका शव नदी में उतराता देखा।


मनोज निषाद।

राजकुमार ने बताया कि मनोज बुधवार शाम को अपने बेटे लवकुश के साथ जालौन जिला की सीमा में मछली पकड़ने आया था। बुधवार शाम को मछली आढ़त पर बेचने के बाद उसने बेटे को घर भेज दिया था। इसके बाद वह दोबारा नदी में जाल डालने गया था। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो नदी किनारे उसका मोबाइल, जूते व डोंगी पड़ी मिली।

इसपर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शुक्रवार सुबह उसका शव पानी में उतराता मिला। अनहोनी पर पत्नी हीरावती, बेटा लवकुश, अंकुश, बेटी रक्षा, रेखा, पिता रामकिशुन रोने लगे।

थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता को घर में घुसकर पीटा 10 पर रिपोर्ट

**अयाना।** कस्बा निवासी अधिवक्ता विवेक सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 31 मई जानकारी हुई कि उनके खेत पर खड़ा नीम का पेड़ गांव का रामविलास व उनका लड़का काट रहा है। खेत पर पहुंचने पर दोनों बाइक व पेट्रोल से चलने वाली आरी छोड़कर भाग गए। सूचना पर आई पुलिस आरी व बाइक साथ ले गई। शाम को तालाब की ओर घूमने पर वहां मौजूद अतुल सिंह, गांव के रामविलास, बृजेश, भंते, सुमन, रोहित, मोहित, मदन, अजय, विजय उसके साथ लोहे की रॉड व लाठी से मारपीट की। पीछे से आरोपी भी उसके घर घुसा और मारपीट कर गालियां दीं।


वार्ता के दौरान जानकारी देते व्यापारी। अमृत विचार

## दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का 8 जून को होगा स्वागत

**औरैया।** शहर के मोहल्ला तिलक नगर निवासी बृजेश शुक्ला को राज्यमंत्री का दर्जा दिए जाने पर आठ जून को नगर आगमन पर स्वागत होगा। इस दौरान उनका करीब आधा सैकड़ा स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। शहर के व्यापारी नेता अवधेश भदौरिया ने अपने प्रतिष्ठान पर वार्ता के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बृजेश शुक्ला को मद्य निषेध विभाग का उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बनाया गया है। आठ जून को उनका शहर में आगमन है। इस मौके पर उनका शहर की सीमा पर स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा शहर के करमपुर, मंडी गेट, जेसीज चौराहा, जालौन चौराहा, सुभाष चौराहा के अलावा करीब आधा सैकड़ा स्थानों पर स्वागत किया जायेगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामजी बाजपेई, विशाल शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी, राजन चौहान मौजूद रहे।

पर्यटन को बढ़ावा | चेयरमैन व सभासदों ने फीता काट कर किया शुभारंभ

# चौबे का तालाब बना फफूंद का नया पिकनिक स्पॉट

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत फफूंद क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को मनोरंजन का नया केंद्र प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पंचायत फफूंद अध्यक्ष मुहम्मद अनवर कुरैशी की अगुवाई में चौबे का तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। इस नवनिर्मित पिकनिक स्थल का भव्य शुभारंभ चेयरमैन मुहम्मद अनवर कुरैशी और सभासद ने फीता काटकर किया।

चौबे का तालाब, जो पहले उपेक्षित अवस्था में था। अब स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के प्रयासों से एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में तब्दील हो गया है। तालाब के आसपास महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्नान करने का महिला सुरक्षित घाट, चेंजिंग रूम, हरियाली, बैठने की व्यवस्था, नौका बिहार की सुविधा और बच्चों के लिए झूलों जैसे आधुनिक संसाधनों ने इसे परिवारों और युवाओं के लिए आदर्श पिकनिक स्थल बना दिया है। इसके अलावा तालाब के किनारे साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। ताकि पर्यटक सुरक्षित और सुखद अनुभव प्राप्त कर सकें। चेयरमैन मुहम्मद अनवर कुरैशी ने कहा कि चौबे का तालाब का यह नया रूप न केवल फफूंद की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन और सामाजिक एकता का केंद्र भी बनेगा। हमारा प्रयास है कि यह स्थल पर्यटकों को आकर्षित करे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे। सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ राईन निवासी फफूंद ने बताया कि पहले यह तालाब उपेक्षित था, लेकिन अब यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम अपने परिवार के साथ यहां समय बिताने के लिए उत्साहित हैं। समारोह में मौजूद अतिथि, बच्चों, वयस्कों ने तालाब में नौका विहार का आनंद लिया, जबकि युवाओं ने सेल्फी पॉइंट्स पर तस्वीरें खींचकर इस नए स्थल की खूबसूरती को कैद किया। चौबे का तालाब पिकनिक स्पॉट के विकास में स्थानीय प्रशासन ने जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को भी ध्यान में रखा है। भविष्य में तालाब के जल को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष फिल्टर सिस्टम और नियमित सफाई का विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा, आसपास पौधरोपण कर इसे और अधिक सुंदर बनाया गया है। यह पिकनिक स्पॉट न केवल फफूंद के निवासियों के लिए, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पांडेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अफजाल कुरैशी, सपा नेता सलीम मेव, जीत कुमारी दुबे, रेनू गुप्ता, मानवेंद्र पोरवाल, कमलेश दीक्षित, गौरव राजपूत, छोटा यादव, अशोक राजपूत, अकील मेव, ओमबाबू तिवारी, कपिल दोहरे, अनुराग धनगर, राजीव कठेरिया आदि मौजूद रहे।


चौबे का तालाब तालाब में नौका में बैठकर लुत्फ उठाते बच्चे। अमृत विचार

# शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कर निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** गुरुवार को कस्बा के मुहल्ला लोधियान में शिव मंदिर का सहयोग से जीर्णोद्धार संपन्न हुआ। शिव परिवार की स्थापना से पूर्व कस्बे में 51 कलश और महिला श्रद्धालुओं के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से शोभा यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर कर मंगल गीत व हर-हर महादेव की गूंज के साथ कलश यात्रा लेकर नवनिर्मित मंदिर से कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होकर शिव मंदिर पहुंची। आचार्य सुधीर त्रिवेदी, नरेन्द्र अवस्थी, हिमांशु मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। ढोल नगाड़े एवं बैंडबाजे की धुन पर भक्तजन कलश लेकर मंदिर परिसर पहुंचे। कस्बे में कई जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों कन्याओं एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राजू प्रजापति, श्याम नारायण प्रजापति, छोटे प्रजापति, अनुज राजपूत, हरीओम प्रजापति, सुभाष प्रजापति, संजय प्रजापति, रामचंद्र राजपूत फौजी, कमलेश राजपूत, हाकिम सिंह राजपूत, डाक्टर मुकुट सिंह पाल जैतपुर, दलवीर प्रजापति, ओम जी प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


कलशयात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## एक नजर

### विक्षोभ से तापमान में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज के बीच फिलहाल गर्मी का मौसम बीत रहा है। वहीं, पाकिस्तान से आने वाले विक्षोभ से तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रदेश में पिछले दो दिनों से बारिश के बीच मौसम पूरी तरह से बदला नजर आ रहा है। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवा का असर देखने को मिला है। जिसकी वजह से मौसम सुहाना है। हालांकि मौसम विभाग ने अब मौसम के पूरी तरह से बदल जाने की संभावना प्रकट की है। इधर, प्रदेश में 6 जून से बारिश का भी सिलसिला थम जाएगा। आने वाले दिनों में प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 6-7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर स्थानीय स्तर पर कोई विक्षोभ नहीं बनते हैं तो 12-13 जून को पाकिस्तान की ओर से नया विक्षोभ भाव डालेगा। इससे पहले तापमान बढ़ेगा लेकिन बाद में गिरावट आएगी।

### योग दिवस के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर योग ट्रेनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग योग दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों व ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम का आयोजन कराएगा। इसके लिए मास्टर योग ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष आयुष मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। आयुष मंत्रालय की ओर से 10 महत्वपूर्ण इवेंट मनाये जा रहे हैं। आयुष विभाग के महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष महाविद्यालय राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज, राजकीय तकमील उत्तिब यूनानी कालेज, गोयल आयुर्वेदिक कालेज, सरदार पटेल आयुर्वेदिक कालेज, एन्क्राइट आयुर्वेदिक कालेज, आरजीएस आयुर्वेदिक कालेज, एसआरबी आयुर्वेदिक कालेज, योग विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय व बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक कालेज के छात्र-शिक्षक, पतंजलि योग संस्थान, तत्वमसि आर्ट आफ लिविंग आदि से जुड़े लगभग एक हजार लोग राजभवन लॉन में अभ्यास के लिये आ रहे हैं।

# योगी ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया बेल का पौधा, विश्व पर्यावरण दिवस को योगी के जन्मदिन ने बनाया और खास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्मदिन की शुरुआत पूजा-पाठ के बाद पौधरोपण से की। सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन ने और खास बना दिया। उनके आवास पर मंत्रियों, अधिकारियों समेत तमाम गणमान्य लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं व स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य



अपने जन्मदिन पर सरकारी आवास पर पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री योगी।

सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/ विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान भी शुरू हो गया है। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 5 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अपने हर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करेगी। साथ ही, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे।

### शिक्षामित्रों ने पौधरोपण कर जाहिर की व्यथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण दिवस के मौके पर जहां पूरे प्रदेश में पौधे लगाए जा रहे थे, वहीं लखनऊ के ईको गार्डन में शिक्षामित्रों ने एक अलग ही अंदाज में अपनी व्यथा जाहिर की। उन्होंने पौधारोपण कर सरकार को यह प्रतीकात्मक संदेश दिया कि जैसे पौधा पालन-पोषण पाकर एक दिन छांव देने वाला पेड़ बनता है, वैसे ही 25 वर्षों से शिक्षा की जमीन पर सेवाएं दे रहे शिक्षामित्र भी अब सम्मानजनक वेतन के हकदार हैं। शिक्षक-शिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 27 मई से धरने में बीटीसी और टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण शिक्षामित्र हर दिन रचनात्मक तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

- योगी ने यूपी के विकास के लिए अथक काम किया : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए राज्य के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्हें लंबी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी।

### सोशल मीडिया पर भी चला योगी मैजिक

योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को सोशल मीडिया यूजर्स और कार्यकर्ताओं ने एक उत्सव के रूप में मनाया। हैशटैग, लोकप्रिय मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश समेत लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों के आधिकारिक और पार्टी हैंडल्स ने बधाई संदेश प्रसारित किए।

# 10 हजार करोड़ के निवेश से बनेगा टेक्सटाइल पार्क

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर मास्टर डेवलपर की चयन प्रक्रिया ने पकड़ा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-हरदोई सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क से 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर विकसित होने वाले इस पार्क के लिए केंद्र सरकार दो चरणों में 500 करोड़ रुपये देगी। चयनित मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायत अवधि पर परियोजना दी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित भूमि को एसपीवी को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ 1 रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

परियोजना पूरी होने पर स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट्स को योगी सरकार द्वारा विभिन्न मदों में छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा। मास्टर डेवलपर ही पूरे टेक्सटाइल पार्क का निर्माण करेगा, जबकि सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के साथ ही निजी निवेश से परियोजना को गति दी जाएगी।

### 51 प्रतिशत शेयर यूपी, शेष 49 प्रतिशत केंद्र सरकार का

वहीं, योगी सरकार इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लैंड कॉस्ट सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी, कैपिटल सब्सिडी, इंट्रेस्ट सब्सिडी, पावर सब्सिडी, इंप्लॉयमेंट सब्सिडी और फ्रेट सब्सिडी के रूप में इंसेंटिव्स देगी। पार्क के विकास एवं संचालन के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त स्वामित्व वाले स्पेशल पर्पज वेहिकल (एसपीवी) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस एसपीवी में 51 प्रतिशत शेयर उत्तर प्रदेश सरकार का होगा एवं शेष 49 प्रतिशत भारत सरकार का।

### मंत्रिपरिषद की मुहर लगनी होगी आवश्यक

राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि पार्क के लिए 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही चार लेन सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति और पानी की आपूर्ति सहित वाह्य बुनियादी ढांचे का विकास करे। योजना से संबंधित आरएफपी दस्तावेज और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति की सिफारिशें उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद को अनुमोदन के लिए भेजी जाएंगी।

> चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। पार्क के अंदर की अवस्थापना का विकास मास्टर डेवलपर द्वारा अपने जोखिम और लागत पर किया जाएगा। साथ ही वह विपणन, संचालन और रख रखाव के लिए भी उत्तरदायी होगा। – राकेश सचान, मंत्री (एमएसएमई)

निर्माण के बाद मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा, जबकि रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को वापस सौंप दिया जाएगा। केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स मास्टर डेवलपर को कोर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दो चरणों में 500 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। पार्क का विकास, विपणन और संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित राज्यों से विस्तृत विचार विमर्श के बाद मॉडल बिड अभिलेख आरएफपी एवं ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट (डीसीए) तैयार किया गया है।

# लखनऊ व गोरखपुर मंडल को मिली घायल वन्य जीवों के लिए एमवीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग ने प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गोरखपुर और लखनऊ मंडल में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से दोनों मंडल के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों और वन्य जीवों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उप्र सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से मोबाइल वेटनरी यूनिट की मांग की जा रही थी। विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल के साथ प्रदेश के अन्य मंडलों के लिए भी ये सुविधा शुरू करने का प्रयास है।

# विधानभवन में डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को उप्र. विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के चित्र का अनावरण किया। इस दौरान विधान भवन परिसर में महाना ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा देश की पहली विधान सभा बनी है, जहां डॉ. हेडगेवार जी का चित्र स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार ने समाज के प्रत्येक नागरिक के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रहित में समर्पण पर विशेष बल दिया।



डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण करते विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना।

# बिजली कर्मी दंडित हुए तो तेज होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने कहा कि अगर बिजली अभियंता दंडित हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति ने निजीकरण प्रक्रिया में निजी घरानों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में प्रशासनिक आधार पर अभियंताओं का स्थानांतरण किये जाने के सम्बन्ध में बिजली कर्मियों में गुस्सा फैल गया है। उन्होंने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन को 'क्लीन चिट' दी गई है। इससे निजी घरानों से मिलीभगत साफ नजर आ रही है। निजी घरानों को लाभ दिलाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर प्रबंधन घाटा दिखाया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि लाखों करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियां निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच, 190वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन जारी रखा।

### बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया कि इक्विटी के आधार पर बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी चल रही है। परिषद ने सलाहकार कंपनी से जुड़े लोगों की 'कॉल डिटेल' की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 42 जिलों वाले पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की कुल संपत्ति लगभग 90,925 करोड़ की हैं। दोनों कंपनियों की कुल इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। ऐसे में कम लागत पर बेचने की साजिश पर सीबीआई जांच की जरूरत है।

### पुलिस विभाग 64 करोड़ 65 लाख से खरीदेगा पिस्तौल व कारतूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जल्द ही पुलिस बल अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पुलिस विभाग को 64 करोड़ 65 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से 8600 पिस्तौल समेत लाखों कारतूस खरीदे जाएंगे। उप्र. शासन में विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पूर्व में जारी शासनादेशों के सापेक्ष गुरुवार को 64 करोड़ 64 लाख 51 हजार 225 रुपये का बजट अपर पुलिस महानिदेशक उप्र. को जारी किया। जारी बजट में नौ एमएम की प्रति पिस्तौल 29,950 रुपये के आधार पर कुल 5600 पिस्तौल खरीद के लिए 16 करोड़ 77लाख 20 हजार रूपए जारी किए गए हैं, पिस्तौल में चलने के लिए 3 .8 लाख कारतूस खरीदी जाएंगी।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर भाजपा के पास कोई विजन नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। पर्यावरण की समस्या वर्तमान की ज्वलंत समस्या है। वनसंपदा नष्ट होती जा रही है, नदियां सूख रही हैं, तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी बयान में कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है। नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुई। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है।



# आईजीआरएस में श्रावस्ती ने फिर मारी बाजी

- मई माह की रिपोर्ट में शाहजहांपुर को दूसरा और अमेठी को तीसरा स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की मई माह की रैंकिंग में जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने फिर बाजी मारी है। वहीं, शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शिकायत निस्तारण को लेकर विशेष रणनीति अपनाई गई है। जिले में रोजाना सुबह 10 बजे जनसुनवाई होती है, जिसके बाद दिन भर प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की जाती है। वहीं लंबित मामलों की समीक्षा शाम 5 बजे और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों की गुणवत्ता का परीक्षण रात 9 बजे किया जाता है। इसके अलावा नोडल अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे निस्तारण की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो रही है। यही वजह है कि पिछले कई महीनों से श्रावस्ती जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। द्विवेदी ने बताया कि मई की रिपोर्ट के अनुसार श्रावस्ती ने 140 पूर्णांक के सापेक्ष 137 प्राप्तांक प्राप्त किए हैं। वहीं श्रावस्ती का जनशिकायतों के निस्तारण का रेश्यो 97.86 प्रतिशत है, जो सबसे अधिक है।

इसके साथ ही आईजीआरएस की मई-25 की रिपोर्ट के अनुसार टॉप-5 जिलों में शाहजहांपुर (95.71 प्रतिशत) दूसरे, अमेठी (94.29 प्रतिशत) तीसरे, हमीरपुर (94.29 प्रतिशत) चौथे और अंबेडकरनगर 89.29 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इन जिलों ने न केवल शिकायतों को समय पर सुलझाया, बल्कि समाधान की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी। वहीं छठे स्थान पर हाथरस, सातवें स्थान पर आजमगढ़, आठवें स्थान पर चंदौली, नौवे स्थान पर मैनपुरी और दसवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है।


## वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -452 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पे | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04 .47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 06 .34 तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष:** आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह:** आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या:** आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक:** आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।

**धनु:** आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर:** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन:** आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं। ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है।

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री

> विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।

की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्स: ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

> यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।

## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# सामूहिक विवाह में 13 जोड़े हुए एक दूजे के

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की बड़ी देवी मंदिर परिसर में शहीद वीर अब्दुल हमीद कमेटी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें 13 जोड़ों का विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक डॉ. मनोज प्रजापति रहे।

सामूहिक विवाह में बांदा के गांव अंडौली निवासी अंशू हमीरपुर के कलौली जार के करण सिंह, घटकना की रजनी संग मौदहा के मोहल्ला फत्तेपुर के जानकी प्रसाद, उरई के गांव दौलतपुर की रीना संग बांदा के गांव झंझरी पुरवा निवासी सुजीत, मौदहा के पूर्वी तरौस की आरती संग बांदा के झंझरी पुरवा निवासी मुकेश, खंडेह निवासी संगीता संग बांकी के अजय, धरमपुर की बबली संग सरीला के चंद्रशेखर, बांदा के तिंदवारी निवासी शिवानी संग फतेहपुर के खजुहा निवासी प्रद्युम्न, सायर की उर्मिला संग फतेहपुर के दपसौरा निवासी शैलेन्द्र, बांदा के बिसंडा की मोहनी संग मौदहा के फत्तेपुर निवासी शैलेन्द्र गोस्वामी, मकरांव की अनीसा संग बिगहना के दिनेश, परछछ की मधु संग सायर के रोहित कुशवाहा, बांदा के सेमरी की दीपा संग विदोखर पुरई के अमित, महोबा के मकरबई की अर्चना संग हमीरपुर के मोराकांदर के रामकरण वर माला डाल कर दांपत्य जीवन की शुरुआत की। सदर विधायक ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष हमीद शाह कादरी, विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, उत्तम सिंह, जफर अंसारी, नारायण दास कुशवाहा, सिद्धार्थ मिश्रा, रामबाबू यादव, कौशल अनुरागी, राकेश गुप्ता, रविंद्र सिंह, बदरुद्दीन, कलंदर निजामी, चौधरी बाबू, वाल्मीकि गोस्वामी, राजा बजाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे हैं। कमेटी द्वारा बड़े पैमाने पर नव दंपति को उपहार प्रदान किए गए।



नव दंपति को आशीर्वाद देते सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

- मुख्य अतिथि सदर विधायक ने नव दंपति को दिया आशीर्वाद

## महिला के साथ छेड़खानी करने पर रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** धर्म कांटा के पीछे रात को अकेली खड़ी महिला को गांव के युवक ने पकड़ लिया और नर्सरी के पास छेड़खानी की। महिला ने युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थानाक्षेत्र के एक गांव की निवासी ने रिपोर्ट में बताया कि बाइक से पति के साथ छानी से निवादा जा रही थी। छानी गांव के बाहर बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया तो पति उसको हिंदुस्तान धर्म कांटा के पीछे खड़ा कर छानी गांव के पंप पेट्रोल चला गया। तभी महिला के पास एक अज्ञात युवक आकर चला गया है। उसके पीछे छानी गांव का राजेंद्र पुत्र शिव बालक आ गया है और महिला को अकेला खड़ा पाकर नर्सरी के पास ले गया। महिला के साथ युवक ने छेड़खानी की।

# जगह-जगह किया गया पौधरोपण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जून के पहले सप्ताह में मनाया जाने वाला पर्यावरण दिवस और पर्यावरण सप्ताह में जिम्मेदारों ने फोटो खिंचवाने शुरू कर दिए हैं। जबकि पौधारोपण के नाम पर सरकार हर साल लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन वृक्षों की कटान नहीं रुकने के चलते वैश्विक ताप लगातार बढ़ रहा है, जो भविष्य में बड़ी महामारी का रूप धारण कर सकता है।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जगह जगह सरकारी संस्थाओं में जिम्मेदारों ने पौधारोपण किया। कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद, अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर, वन क्षेत्राधिकारी सुरेश चंद्र तिवारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजली प्रिया गौतम सहित कोतवाली पुलिस और अन्य जिम्मेदारों ने पौधारोपण किया। जबकि कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा सहित उनके मातहतों ने पौधारोपण किया। बताते चलें कि हर रात अंधेरे के साथ वन विभाग के निकट से नेशनल हाईवे पर सैकड़ों ट्रैक्टरों में कटी हरी लकड़ी निकलती है। लेकिन जिम्मेदारों की इस पर नजर नहीं पड़ती है।




पौधारोपण करते नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# टीन की चद्दर उतारने में घायल युवक की मौत

## मौदहा थानाक्षेत्र के सिसोलर के लेवा गांव का मामला

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र सिसोलर के लेवा गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली से टीन की चद्दर उतारते समय उसकी चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया।

लेवा गांव निवासी बलवान (40) पुत्र बलराम बुधवार की शाम गांव में ही ट्रैक्टर ट्रॉली से टीन की चद्दर उतार रहा है। तभी टीन उतारते समय वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कस्बे की सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में बलवान ने दम तोड़ दिया है।

### खेत में मिला किसान का शव

**राठ (हमीरपुर)।** खेत में किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।मुस्करा थाने के कंधौली गांव निवासी किसान रामविशाल (48) खेती कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था। बुधवार दोपहर रामविशाल खेत में काम करने के लिए गया था। शाम करीब चार बजे वह परिजनों को बेहोशी की हालत में खेत में पड़ा मिलने से परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजन किसान को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि रामविशाल के पास करीब 4 बीघा जमीन थी। किसान की मौत पर पत्नी सुमित रानी, मां गुलाब रानी और पुत्र शिवम हैं।



रामविशाल।

## मकान का रास्ता अवरुद्ध, एसडीएम से की शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर)।** डामर गांव निवासी ग्रामीण ने दरवाजा तोड़कर मकान के रास्ते को अवरुद्ध कर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत उपजिलाधिकारी व थाना पुलिस से की है।

थानाक्षेत्र के डामर गांव निवासी राधे कृष्ण कोरी पुत्र स्व महंगू ने थाना पुलिस व उप जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पूर्वजों के मकान में परिवार सहित निवास करता है। मकान का बंटवारा हो चुका है। लेकिन चाचा का लड़का रमेश पुत्र स्व.रामफल व उसकी पत्नी संतोषी ने मेरे घर का दरवाजा उखाड़ दिया हैं तथा रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं। जब पत्नी ने मना किया तो उसके साथ भी मारपीट की। यह लोग दबंगई के बल पर मेरा निकास का रास्ता बंद करना चाहते हैं। जिससे पीड़ित भयभीत है। पीड़ित ने न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

# चौड़ीकरण को खोदा नाला बना आफत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बस स्टैंड में टी आकर का चौड़ीकरण रोड बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने नाला खोद कर डाल दिया है। लेकिन कार्य न होने से यहां के दुकानदार खासे परेशान हैं। इनका कहना है कि अगर जल्द नाला नहीं बनाया गया तो बारिश में उनकी दुकानों में पानी भरेगा।

कस्बे में बांदा मार्ग पर लोक निर्माण विभाग हाईवे को जोड़ने के लिए टी आकार में सड़क बना कर चौड़ीकरण कर रहा है। इसके लिए विभाग के ठेकेदार ने बीते 17 मई को हाईवे किनारे नाला बनाने के लिए खुदाई कर दी थी और इसमें सरियों का जाल भी बनाने के बाद ठेकेदार गायब है। जिससे नाला बनाने का कार्य ठप पड़ा है। नाला न बनने से दुकानदार खासे परेशान है। बीज भंडार के संचालक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि धान का सीजन चल रहा है। नाले के निर्माण कार्य ठप होने से किसान उनकी दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे है। जिससे अच्छा खासा नुकसान हो रहा है। दुकानदार देवेंद्र कुमार ने बताया कि सहालग का सीजन चल रहा है। उनकी इलेक्ट्रॉनिक्स और सोलर पैनल की दुकान है। लेकिन नाले खुदाई होने से ग्राहक उनकी दुकान तक नहीं पहुंच रहा है। जिससे दिनभर सन्नाटे में बैठे रहते हैं।



नाला निर्माण के लिए पड़ा सरियों का जाल। अमृत विचार

- जल्द निर्माण न होने से बारिश में दुकानों में भरेगा पानी

> लोनिवि के अवर अभियंता राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि ठेकेदार ने किस कारण से कार्य बंद कर रखा है। ये पता नहीं है उससे बात की जाएगी। -**लोनिवि के अवर अभियंता राजेंद्र सिंह सिसोदिया**

## भागवत कथा के समापन पर किया गया भंडारा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के इटरा के बजरंगबली आश्रम में श्रीमद् भागवत के समापन पर षोडशी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध इटरा के बजरंगबली मंदिर में ब्रह्मलीन संत स्वामी देवानंद सरस्वती की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया गया था। गुरुवार को कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम बाबा ने बताया कि कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर योगेश योगी, कमलेश यादव, नरेंद्र पाल, अतुल, अजय, शनि, सत्यम, राघव, राजू सिंह, ब्रह्मदेव, सूर्यांश आदि मौजूद रहे।




पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक। अमृत विचार

# भाकियू ने लगाए 101 पौधे, किया जागरूक

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भाकियू (अराजनैतिक) द्वारा ग्राम पंचायत कुनेहटा में विश्व पर्यावरण दिवस में किसानों व स्कूल के विद्यार्थियों को प्रकृति बचाओ पेड़ लगाओ तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

विकासखंड मौदहा की ग्राम पंचायत कुनेहटा में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद की अध्यक्षता में विद्यालयों में 101 पौधों का रोपण किया गया। ग्राम कुनेहटा के ही महिपाल सिंह जिन्होंने गांव में सार्वजनिक स्थलों में हजारों पौधे लगाए। वहीं कुनेहटा चौकी प्रभारी ने भी पर्यावरण दिवस पर सभी के साथ पौधे लगाए। इस मौके पर शिव करण मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर वर्मा, रामराज नामदेव, पारस सैनी, घसीटा साहू तथा समस्त पुलिस स्टाप मौजूद रहे।

## संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेसियों ने की विशेष बैठक

**राठ।** कस्बे के औंडेरा रोड स्थित इश्का गार्डन में गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की अति महत्वपूर्ण बैठक हुई।

अध्यक्षता जिला कॉर्डिनेटर नावेद खान और अवनीश सलूजा ने की। जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने लोगों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिला प्रवक्ता राजा पांडेय ने पार्टी को सशक्त बनाने व आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने के लिए संगठनात्मक नियुक्तियों पर बल दिया। इस मौके पर रामेंद्र सिंह किसान, जिला सचिव अनीता राजपूत, सलमा, राम सिंह राजपूत, राजा खान, हरिशरण राजपूत, सुरेश राजपूत, रामप्रकाश शुक्ल, दुष्यंत राजपूत, धर्मपाल राजपूत, अश्वनी पांडेय, साकेत राजपूत, सलीम अहमद, गयादीन अनुरागी, आरिफ फैजी समेत एक सैकड़ा से अधिक कांग्रेसी मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के सात दोषियों को दो वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया
- वर्ष 2011 में गैंगस्टर एक्ट में दर्ज हुआ था मामला

**अमृत विचार।** संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप में संलिप्त होकर अपराध करने वाले गैंगस्टर के अभियुक्त पर दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ईसी एक्ट/ गैंगस्टर एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश ने सात दोषियों को दो- दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

साथ ही प्रत्येक पर 5,000-5,000 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप में संलिप्त होकर अपराध करने वाले सात दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत जरिया थाने में वर्ष 2011 में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी करने पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ईसी एक्ट/ गैंगस्टर एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश ने सुरेश, रमेश, राकेश, राजेश उर्फ राजेन्द्र पुत्रगण टीकाराम लोधी, सिंहराज निवासी अतरौली थाना जरिया, अजय पुत्र तुलाराम व प्रभूदयाल पुत्र बेनीप्रसाद निवासीगण गोहांड थाना जरिया को दोषी करार देते हुए दो दो वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 5000-5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।



## क्षेत्र पंचायत बैठक में दी गई योजनाओं की जानकारी

**गोहांड (हमीरपुर)।** स्थानीय विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन एडीओ पंचायत अनूप कुमार ने किया। उन्होंने पंचायत विभाग से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी। साथ ही स्वच्छ शौचालय पात्रों को मुहैया कराए जाने की बात कही। सहायक विकास अधिकारी कृषि अरविंद सिंह ने कृषि विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य पर जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजुलता गौतम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर नौनिहालों के साथ गर्भवती व धात्री महिलाओं पर चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक में ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया, बीडीओ एसएन कश्यप, भाजपा नेत्री आराधना राजपूत सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** रहस्यमय तरीके से नकदी और जेवरात लेकर गायब हुई नाबालिग के मामले में पुलिस ने दो नामजद युवकों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम लेवा निवासी गीता देवी ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि जब वह अपने मायके भमई गई थी। तभी उसकी नाबालिग लड़की घर से नकदी और जेवरात लेकर गायब हो गई। पीड़िता ने बताया कि उसे बाद में पता चला कि पड़ोसी जनपद बांदा के खप्टिहा निवासी प्रेम पाल के माध्यम से हमीरपुर निवासी प्रदीप कुशवाहा का आना जाना था हो सकता है कि उक्त दोनों ने ही उसकी लड़की को गायब किया हो। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### योग शिविर आज से

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** आर्य समाज के तत्वाधान में शुक्रवार से मंगलवार तक योग साधना, अध्यात्म, ज्ञान विज्ञान प्रशिक्षण शिविर आर्य समाज सत्संग भवन जीजीआईसी स्कूल के पास धर्मेश्वर बाबा में प्रात: 5 बजे से 6 :30 तक ब्रह्मचारी आचार्य सत्यव्रत महाराज जी के पावन सानिध्य में प्रारंभ होगा। हर नारायण आर्य, प्रेम कुमार श्रीवास्तव आर्य ने जानकारी देते हुए सभी आर्य जनों से निवेदन किया है कि सपरिवार बच्चों को लेकर उपरोक्त प्रशिक्षण में अवश्य प्रतिभा करें रात्रि कालीन सभा स्वाध्याय सभा 7 बजे से 8 :30 तक आर्य समाज सत्संग भवन में मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में संपन्न होगा

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सोशल मीडिया में तमंचे के साथ वायरल हुई फोटो में दिख रहे युवक की तलाश करने के दौरान एक युवक को रिमझिम फैक्ट्री जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया में वायरल हुई फोटो में दिख रहे व्यक्ति की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर हाईवे किनारे रिमझिम फैक्ट्री जाने वाले सड़क पर एक संदिग्ध युवक करन कुमार निवासी वार्ड 3 कस्बा सुमेरपुर के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस | स्कूल, कॉलेजों में किया गया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

# शिक्षकों ने 'एक पेड़, पुरानी पेंशन के नाम' पर किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर जिला इकाई हमीरपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) परिसर में एक पेड़, पुरानी पेंशन के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित अटेवा के जिला महासचिव कमल किशोर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पेड़ पुरानी पेंशन बहाली के लिए हो रहे आंदोलन का साक्षी बनेगा और आंदोलन को मजबूत बनाएगा। जिस प्रकार वृक्ष प्राणवायु प्रदान कर जीवन देता है उसी प्रकार पुरानी पेंशन बहाली से शिक्षक कर्मचारी को संजीवनी प्राप्त होगी।

जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने बताया कि सरकार का पर्यावरण सुधारने के लिए पेड़ रोपकर संगठन पुरानी पेंशन की मांग कर रहा है। संयुक्त मंत्री मुख्तार अहमद, संयोजक अतुल कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवीर यादव ने की। इस मौके पर सोनी देवी, ललिता देवी, दयाशंकर, नरेश कुमार, रामजीवन, राजेश शुक्ला, कमलेश कुमार श्रीवास, संतोष कुमार, बलवीर यादव, आलोक निषाद, निखिल यादव, लकी, मुवीन, प्रदीप गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पीडब्ल्यूडी परिसर में पौधारोपण करते शिक्षक। अमृत विचार



पर्यावरण की शपथ लेते शिक्षक। अमृत विचार



पौधरोपण करते सदर विधायक डॉ . मनोज प्रजापति।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम नागरिक को जागरूक करना होगा

**हमीरपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य कमलकान्त मिश्र ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में 5 जून को मनाया जाता है। वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ ने की थी। पर्यावरण सुधारने के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जब तक आम नागरिक पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होगा तब तक पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आचार्य घनश्याम दास राठौर ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने दिया।

### राजकीय डिग्री कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में नमामि गंगे योजना एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा ही मानवता की सुरक्षा है। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, समाज की भागीदारी आवश्यक है।

# दातागढ़ी आश्रम में किया पौधरोपण और सम्मान

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सिकंदरपुरा स्थित दातागढ़ी आश्रम में वन विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान दातागढ़ी आश्रम में पौधा रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी व विशिष्ट अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में कहा कि प्राकृतिक आपदा होने का मुख्य कारण प्रकृति के साथ छेड़छाड़ जैसे वनों की कटान, पहाड़ों का खनन इत्यादि है। अगर मनुष्य को प्राकृतिक आपदाओं से बचाना है और पर्यावरण शुद्ध रखना है तो अधिक से अधिक पौधों का लगाना बहुत आवश्यक है। वन विभाग के एसडीओ आदर्श कुमार वर्मा ने बताया कि विभाग ने प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अपनी मां के लिए लगाने की मुहिम चलाई है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय औंता के छात्राओं द्वारा पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रेमचन्द्र घुरौली, वन रेंजर सतेंद्र प्रताप सिंह, मानिक सैनी, ब्रजभूषण दाऊ, सुरेश खेवरिया, मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी, महेंद्र गांधी मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत।

# 15 साल की अवधि पूरी कर चुके स्कूली वाहनों को करें सीज

कार्यालय संवाददाता महोबा


बैठक में निर्देश देतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनको रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिह्नित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं तथा ब्लैक स्पॉट वाले स्थान पर सुधार कराया जाये ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके तथा सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करते हुए बोर्ड लगवाए जाएं। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन.जागरूकता गोष्ठी कर जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सकें और बच्चों के अभिभावकों को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज, आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चे भरने वाले वाहनों को रोका जाये एवं 15 वर्ष से पुराने स्कूली वाहनों को सीज किया जाये। बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा डग्गामार वाहनों एवं बसों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का पांच बार से अधिक चालान हो चुका हैं ऐसे वाहनों को चिह्नित कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से आल्हा चौक के रास्ते पर क्षतिग्रस्त पोलों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच झांसी को सूपा तिराहे पर स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने डीएसओ को निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंपों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर यातायात नियम के बैनर तथा होर्डिंग लगवाए जाएं, जिससे लोग यातायात नियमों के बारे में जागरूक हो सकें। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि प्राइवेट बसें, डबल डेकर बसों की चेकिंग की जाए। उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि सभी बसों में स्पीड कंट्रोल डिवाइस लगवाई जाए और सभी बसों में जो कमियां हैं दूर किया जाये तथा सभी बसों में अग्निशमन यंत्र रखे जाएं। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पास तत्काल घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाई जाए तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भर्ती कराया जाए और घायलों की मदद करने वालों को सम्मानित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि जो भी डग्गामार वाहन हैं उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाये तथा एक्सीडेंट रोकने हेतु प्रभावी कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाये तथा सीट बेल्ट और हेलमेट की चेकिंग निरंतर की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्रशिक्षण के मौके पर बोलते सीएमएस।

**अमृत विचार**। महिला जिला चिकित्सालय में स्टाफ नर्सों को 21 दिवसीय स्टिल वर्क आर्गनाईजेशन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीएमएस डॉ. रमाकांत चौरिहा ने प्रशिक्षण अवसर पर स्टाफ नर्सों से स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा मरीजों का सरकारी अस्पताल के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ेगा। कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मेहनत और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। सीएमएस ने कहा कि आप लोग प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद में समझदारी के साथ अपना योगदान दें। गर्भवती की सभी जांचों टीकों के बारे में परीक्षण करें।

महिला अस्पताल में चल रहे स्टिल वर्क आर्गनाईजेशन की मास्टर ट्रेनर कल्पना पाल ने बताया कि प्रसव के समय गर्भवती भयभीत होती है उन्हें ढांढस बंधाया जाए और बताया जाए कि इस दौरान दर्द होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। ऐसी स्थिति में घबराने की जरूत नहीं है हर महिला को इस स्थिति से गुजरना होता है। मां और शिशु के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करना है, समय पर दवाएं देना, भावनात्मक समर्थन देना, डिलेवरी के समय देखभाल करें, जच्चा और बच्चा की सेहत की निगरानी करें सहित तमाम बारीकियां बताई।

## एक नजर

### 5 वर्ष बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)**। खाना खाने के दौरान गांव के चार लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट की। बचाने आई उसकी मां को भी लाठी डंडों से मारा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पांच वर्ष पूर्व हुई इस घटना की पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी रतीराम ने बताया कि गत 2 अगस्त 2020 को वह अपने भाई रामपाल के घर में शाम 8 बजे खाना खा रहा था। तभी गांव के सियाराम, विनय, अभिनय उर्फ कल्लू, कुंवर अंश उर्फ अंशू शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगे। यह सुनकर उसकी मां बाहर निकली तो आरोपियों ने उसकी मां के पैरों में डंडे से मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### सुबह 8 बजे से होगी बकरीद की नमाज

**राठ (हमीरपुर)**। आगामी 7 जून को बकरीद का त्योहार मनाया जायेगा। इसकी जानकारी शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने दी। पेश इमाम ने बताया कि बकरीद की नमाज कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी। उन्होंने सभी मुस्लिमजनों से अपील करते हुए कहा कि समय से ईदगाह में पहुंच कर नमाज अदा करें।

# बेलासागर में 20 दिन का बचा पानी 48 घंटे के अंतराल से हो रही आपूर्ति

## सरोवर का पानी घटने से कस्बे और गांवों में पानी की भारी किल्लत

संवाददाता जैतपुर, महोबा


सूखा पड़ा बेलासागर सरोवर। अमृत विचार

**अमृत विचार**। भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग के चलते बेलासागर सरोवर के तेजी से सूख जाने से जल संस्थान ने अब प्रति दिन पेयजल आपूर्ति करने के मामले में हाथ खड़े कर दिए है। कारण, बेलासागर सरोवर में करीब 20 दिन का पानी शेष रह जाने से जल संस्थान ने अब एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति करना शुरू कर दी है। जिससे बेलाताल कस्बे समेत आस पास के ग्रामीण अंचलों में भी पानी को लेकर हाय तौबा मचने लगी है।

गौरतलब है कि बेलासागर सरोवर बड़े भूभाग में फैला हुआ है। इस सरोवर से बेलाताल के अलावा छितरवारा, थुरट, सारंगपुरा, खैरारी, ठटेवरा सहित 13 गांव में पानी की आपूर्ति की जाती है। अभी तक 24 घंटे में एक बार पानी की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन अब सरोवर में तेजी से पानी घट जाने के कारण दो दिन में एक बार पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिससे पानी का संकट तेजी से बढ़ रहा है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। महादेव, राहुल, महेश, राजू निवासी बेलाताल के ग्रामीणों का कहना है कि प्रति दिन पानी की आपूर्ति न होने से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जल संस्थान सरोवर में तेजी से घट रहे जल स्तर को लेकर खासा परेशान है, यही वजह है कि विभाग में अब दो दिन में एक बार पानी की आपूर्ति करना शुरू कर दिया है। जिससे भीषण गर्मी में लोग हैंडपंपों और कुओं का सहारा ले रहे हैं। हालत यह है कि सुबह से ही लोग पानी के इंतेजाम में जुट जाते है। सरोवर में दिन प्रति दिन जल स्तर घटने से क्षेत्र के लोग पेयजल आपूर्ति को लेकर खासे चिंतित हैं।

> बेलासागर सरोवर में तेजी से जल स्तर घटने से लोगों को किसी तरह थोड़ा बहुत पानी मुहैया कराया जा रहा है। इससे अब दो दिन में एक बार पानी की सप्लाई की जा रही है। जिससे बारिश शुरू होने तक बेलासागर से पानी की आपूर्ति होती रहे। पिछले साल बारिश कम होने के कारण सरोवर में क्षमता के अनुरूप पानी नहीं भर सका था, इसलिए इस साल पानी की समस्या बढ़ी है। बांध में पानी कम होने के करण प्रति दिन गांव और कस्बे की आपूर्ति नहीं की जा सकती।
>
> **वकील प्रसाद, अवर अभियंता जल संस्थान**

# गर्भवती का अल्ट्रासाउंड कराने पर दो आशाएं भिड़ीं, सीएमएस ने फटकारा

कार्यालय संवाददाता महोबा


आशा से जानकारी लेते सीएमएस डॉ. रमाकांत। अमृत विचार

- **जिला अस्पताल में जांच कराने आई गर्भवती का प्राइवेट सेंटर में कराया अल्ट्रासाउंड**

**अमृत विचार**। महिला चिकित्सालय में जांच कराने आई गर्भवती का प्राइवेट सेंटर से अल्ट्रासाउंड कराए जाने पर दो आशाओं के मध्य विवाद हो गया। विवाद दौरान शोर शराबा सुन सीएमएस मौके पर पहुंच गए और गर्भवती से जानकारी करते हुए आशाओं को जमकर फटकरा। सीएमएस ने सभी आशाओं को मरीज का प्राथमिकता से उपचार करवाने और ड्रेसकोड के साथ अस्पताल में आने के निर्देश दिए।

थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम डहर्रा निवासी एक गर्भवती गांव की आशा कल्पना के साथ महिला जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए गई। महिला जिला अस्पताल पहुंचने के बाद गांव की आशा किसी कार्य से चली गई तभी ग्राम करहरा की आशा ममता उसके पास पहुंची और दूसरा पर्चा बनाकर बाहर से प्राइवेट अल्ट्रासाउड सेंटर से छह सौ रुपये लेकर अल्ट्रासाउंड करवा दिया। डहर्रा की आशा जब वापस आई तो गर्भवती के न मिलने पर जानकारी कर उसके पास पहुंच गई। तभी गर्भवती ने बताया कि दूसरी आशा ने 600 लेकर अल्ट्रासाउड करवा दिया।

अल्ट्रासाउड कराए जाने को लेकर दोनों आशाओं में नोकझोंक शुरू हो गई और महिला अस्पताल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। काफी देर तक शोर शराबा सुन सीएमएस डॉ. रमाकांत मौके पर पहुंच गए और गर्भवती व दोनों आशाओं से इस बावत जानकारी करते हुए दोनों आशाओं को जमकर फटकार लगाई साथ ही मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

सीएसएस ने कहा कि सभी आशाएं अपने मरीजों के साथ रहें और प्राथमिकता के साथ उनका परीक्षण कराएं। उन्होंने सभी आशाओं से ड्रेस कोड में ही अस्पताल आकर कार्य को अंजाम देने के भी निर्देश दिए।

# शव बदले जाने पर हंगामा पुलिस ने कराया शांत

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार**। जिला अस्पताल में गुरुवार को शवघर में पोस्टमार्टम के लिए दो शवों के रखे होने के कारण शव की अदला बदली हो जाने पर मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। जिससे मामला बिगड़ता देख स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस बुला ली।

केतवाली कुलपहाड़ के ग्राम मोहारी निवासी हृदेश 40 पुत्र घासीराम मऊरानीपुर से अपनी दवा लेकर ट्रेन से वापस लौट रहा था। ट्रेन से नीचे गिर जाने के कारण उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर मोर्चरी में शव को रखा दिया था, जबकि खिरूही जुझार नगर जिला छतरपुर निवासी रामलखन बाइक से कबरई एक शादी में शामिल होने जा रहा था, कबरई से पहले ट्रक की टक्कर से रामलखन की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद रामलखन का शव भी मौर्चरी में रखवा दिया।

गुरुवार को रामलखन के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने के लिए स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से हृदेश का शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इसके बाद परिजन जब हृदेश का शव लेने मौर्चरी पहुंचे तो उन्हे रामलखन का शव दे दिया गया। हृदेश का शव न देख उसके परिजन भाग गए और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करने लगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाद मुं हृदेश के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां पर रामलखन के परिजन हृदेश का शव ले जाने की तैयारी कर रहे थे, उसी समय हृदेश के परिजनों शव की शिनाख्त हृदेश के रूप में की और शव वापस लिया, बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया।

# चेकिंग में 5 चालक नशे में मिले, चेतावनी दी

कार्यालय संवाददाता महोबा


मशीन लगाकर चालक की जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाते हुए दो व चार पहिया वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करते हुए पांच चालकों को नशे की हालत में पाया। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए भविष्य में नशा कर वाहन न चलाने की हिदायत भी दी गई। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभारी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में प्रभारी यातायात पुलिस महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम शहर के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दो व चार पहिया वाहनों को रोककर चालकों से गाड़ी कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस देख गए इसके बाद टीम द्वारा एक एक चालक परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई है। जांच दौरान पांच चालक नशे की हालत में पाए गए।

प्रभारी यातायात ने बताया कि नशे में पकड़े गए चालकों के खिलाफ नियामुसार चालान की कार्रवाई की गई साथ ही हिदायत दी गई कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होगी तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्तीकरण की प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी। चेकिंग अभियान दौरान सभी चालक परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए उनको ओवर स्पीड में न चलने, अपने लेन में ही वाहन चलाने और सवारियों से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने यह भी कहा गया कि यदि कोई चालक परिचालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए मिला तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# पौधरोपण से पूर्व निकाली गई जागरूकता रैली

संवाददाता पनवाड़ी, महोबा


रैली में शामिल छात्र-छात्राएं और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार**। विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज पनवाड़ी में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहुंच कर पौधरोपण किया। इस मौके पर पौधों के महत्व को भी बताया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रवक्ता और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। पौधरोपण कार्यक्रम से पूर्व रैली निकाली।

कार्यक्रम की अगुवाई वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार द्वारा की गई। उनके साथ कॉलेज के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनेक प्रकार के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। वन अधिकारी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधारोपण से जहां राहरगीरों को एक तरफ छाया मिलती है वहीं दूसरी तरफ वृक्ष उन्हें ऑक्सीजन भी देते हैं जो जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यालय परिवार एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी दिया गया।

## अभियान

### नशा मुक्ति केंद्र ने ग्राम करहरा में किया जागरूक

# जीवन अनमोल है नशे की लत में पड़कर न करें बर्बाद

कार्यालय संवाददाता महोबा


लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिला नशा मुक्ति केंद्र महोबा द्वारा ग्राम करहरा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत केंद्र टीम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए तंबाकू सिगरेट आदि नशे से संबंधित पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी, साथ ही ग्राम वासियों को नशा न करने के लिए प्रेरित करते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

ग्राम करहरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक तनवीर कौसर ने कहा कि जीवन अनमोल है इसे नशे की लत में पड़कर बर्बाद न करें। कहा कि सिगरेट, तम्बाकू, बीड़ी आदि नशीले पदार्थों का व्यसन संपूर्ण भारत में बढ़ती हुई महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। यह व्यसन आम लोगों के साथ उनके परिवारों व समाज के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करता है। नशीले पदार्थों की लत विशेष रूप से युवा पीढ़ी को प्रभावित करती है, जिसके कारण गंभीर परिणाम सामने आते हैं। इनमें अपराधों की दर में वृद्धि, तनावपूर्ण पारस्परिक संबंधए सीमित आर्थिक संभावनाएं और सामाजिक कल्याण पर व्यापक हानिकारक प्रभाव शामिल हैं। कहा कि व्यक्ति, परिवार, कार्यस्थल और समाज पर मादक द्रव्यों पर निर्भरता के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों में जागरूकता लाने की आवश्यता है और इस कार्य में नशा मुक्ति केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

केंद्र की ट्रेनी सुपरवाइजर अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि तम्बाकू सिगरेट आदि नशे की लत से सिर्फ शरीर पर ही नहीं, बल्कि जीवन पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

यह आदत स्वास्थ्य समस्याओं, सामाजिक संबंधों में तनाव और वित्तीय नुकसान का कारण बन सकती है। सिगरेट से शरीर को कई नुकसान होते हैं, जैसे कि फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौराए और स्ट्रोक। सिगरेट की लत से जीवनशैली पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में नैन्सी, प्रकाश ने भी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राहुल, शिवानी सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अधिक से अधिक पौधे लगाएं

कार्यालय संवाददाता महोबा


पौधे पर पानी डालतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार**। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने ग्राम सिजहरी में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की जनपद में अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाये। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी को तालाब एवं खेल मैदान के किनारे 5000 पौधे लगाने के निर्देश दिए। कहा कि जिले की बड़ी ग्राम सभाओं में जहां पर भूमि उपलब्ध हैं वहां पर कम से कम 5000 पौधे लगाए जाएं। इसके लिए उपजिलाधिकारी पौधारोपण वाले स्थल का चयन कर वन विभाग को दिखाएं और चयनित स्थान पर घना पौधरोपण करें तथा पौधों की सुरक्षा और सिंचाई की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा की हमें पेड़ लगाने भर नहीं हैं बल्कि उन्हें बचाना भी हैं इसलिए पेड़ों की सुरक्षा भी करनी हैं, इसलिए जिम्मेदारी के साथ पौधरोपण करें और उनकी सुरक्षा भी करें। उन्होंने सामुदायिक शौचालय, पब्लिक लाइब्रेरी व चंदेल कालीन मठ एवं आर्यावर्त बैंक का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव में एक लाइब्रेरी और बनवाई जाये। इसी क्रम में उन्होंने आर्यावर्त बैंक के निरीक्षण में ग्रामीण क्षेत्र से आये हुए लोगों से वार्ता की तथा बैंक मैनेजर को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए।

# लापरवाही पर दो कर्मचारी निलंबित पांच पर कार्रवाई के दिये निर्देश

## उप संचालक चकबंदी आलोक कुमार ने किया दौरा, कहा किसानों को चकबंदी का महत्व बतायें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



चकबंदी संबंधी कामों की समीक्षा करते उप संचालक चकबंदी मुख्यालय आलोक कुमार।

**अमृत विचार।** जिले के चकबंदी प्रक्रियाधीन गांवों की समीक्षा के लिए चकबंदी आयुक्त उप्र लखनऊ भानुचंद्र गोस्वामी द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम ने चित्रकूट का दौरा किया और बाद में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में चकबंदी कार्यों में लापरवाही पर अतुल कुमार गुप्ता, आशीष कुमार को निलंबित करने व नागेंद्र कुमार चकबंदी लेखपाल, उपदेश कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, कमलेश राम, रमाकांत गौतम चकबंदीकर्ताओं पर कार्रवाई के लिए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन को निर्देशित किया गया।

टीम की अगुवाई कर रहे उप संचालक चकबंदी मुख्यालय आलोक कुमार ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में ग्रामीणों के विरोध की वजह से चकबंदी शुरू नहीं हो पाई है, वहां बैठक कर सहमति बनाई जाए। उप संचालक ने बताया कि जिले में भूचित्र पुनरीक्षण अंतर्गत 11 ग्रामों में काम किया जा रहा है। औदहा, दरसेड़ा में जन विरोध के कारण अभी तक चकबंदी का काम शुरू नहीं हुआ है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि इन गांवों में बैठक कर वस्तुस्थिति की जानकारी करें और सहमति बनाएं। बताया गया कि धारा -8 के तहत पड़ताल के स्तर पर कुल नौ में से दो गांवों में काम चल रहा है, शेष में कब्जा परिवर्तन की वजह से काम शुरू नहीं हुआ है। ग्राम गढ़वारा में भी जन विरोध है। उप संचालक चकबंदी मुख्यालय ने निर्देश दिए कि गांव में बैठक करें और किसानों को चकबंदी का महत्व बताएं।

इस दौरान चकबंदी विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि चकबंदी आयुक्त लखनऊ द्वारा समय-समय पर दिए गए ग्राम पंजिका निर्माण, तरमीम कार्य से पूर्व सन् 1359 फ. खतौनी का सत्यापन, पारदर्शी तरीके से चक सृजन आदि का पालन करें और समय से काम पूरा कराएं। समीक्षा बैठक में चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, शरद चंद्र यादव, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, श्यामलाल, मुन्नालाल, कल्लू प्रसाद, शिवप्रसाद, राकेश कुमार श्रीवास्तव सहायक चकबंदी अधिकारी के साथ चकबंदी कर्ता व चकबंदी लेखपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### मौके पर किया गया सत्यापन

बैठक में बताया गया कि ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच व तेरा बुजुर्ग में चक सीमांकन कराया जा रहा है। मुख्यालय से आई टीम ने स्थलीय सत्यापन किया और अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को समयानुसार पारदर्शिता से काम करने के निर्देश दिए गए।

## पति-पत्नी में कराया सुलह -समझौता

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस टीम ने पति-पत्नी के बीच सुलह कराई। अंजना पुत्री मोहनलाल निवासी चौरा थाना पहाड़ी ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था पति व ससुरालीजन शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना देते हैं और दहेज की मांग करते हैं।

एसपी के निर्देश पर केंद्र प्रभारी गीता देवी, आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। दोनों पक्षों ने भविष्य में पारिवारिक सामंजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही।

## पुलिस लाइन में हुआ पौधरोपण

**चित्रकूट।** पर्यावरण दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन खोह में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कुमार कटियार, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह आदि अधिकारियों ने पौधरोपण किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ममता वर्मा, डा. प्रभाकर सिंह, अजीत सिंह एवं आशीष कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र दिया।



मंदाकिनी नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई मंदाकिनी में डुबकी

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर्व पर गुरुवार को तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में स्नान कर भगवान मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा लगाई।

तीर्थक्षेत्र में गंगा दशहरा को स्थानीय और दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में स्नान कर परिक्रमा लगाते हैं। बुधवार से ही यहां आस्थावानों का आना शुरू हो गया था। एक अनुमान के मुताबिक, इस अवसर पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी और भरतकूप में स्नान किया। निर्मोही अखाड़ा, भरत मंदिर, कामदगिरि प्रमुखद्वार, पंजाबी आश्रम, तोतामुखी हनुमान मंदिर, जानकी महल और संतोषी अखाड़ा आदि मठ मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिरों की विशेष सजावट की गई थी। सागर (मप्र) से आए श्रद्धालु राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि वह हर साल परिवार के साथ गंगा दशहरा पर चित्रकूट आते हैं। उनका मानना है कि यहां आने से परिवार का कल्याण होता है। तीर्थक्षेत्र के मध्यप्रदेश अंतर्गत परिक्रमा मार्ग में टूटी पटियों से लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा ।

● भरतकूप में भी उमड़ी आस्थावानों की भारी भीड़



घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करता जांच टीम का सदस्य। अमृत विचार



सीओ यामीन अहमद को आलाकत्ल दिखाते पुलिसकर्मी।



ग्राम प्रधान से जानकारी लेते सीओ। अमृत विचार

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से पांच लोग घायल

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद भी ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां की आवाजाही रुक नहीं रही है। गुरुवार को एक ट्राली समेत ट्रैक्टर पलटने से पांच लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, टिकुरी निवासी मन्नीलाल की बेटी पार्वती की सात जून को शादी है। शादी का सामान लेने के लिए उसके भाई राकेश (23), दुर्गेश (21) रिश्तेदार विकास (24) पुत्र अवधेश और रामबाबू (25) पुत्र रामसजीवन निवासी सरुई रीवां (मप्र) के साथ ट्रैक्टर ट्राली से बाजार आ रहे थे। दोपहर लगभग बारह बजे झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के मऊ थाना अंतर्गत सुरौंधा के पास चालक संपूर्णानंद (35) पुत्र शिवप्रसाद ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इससे सभी लोग घायल हो गए। घायल राकेश को प्रयागराज रिफर किया गया है।



हाईवे पर पलटा ट्रैक्टर और ट्राली।

### नवोदित गैंग की तलाश में कांबिंग जारी

**चित्रकूट।** नवोदित दस्यु गिरोह की तलाश में पुलिस की कांबिंग लगातार तीसरे दिन जारी रही। मप्र के सतना-पन्ना जिलों और उप्र के चित्रकूट जिले की सीमा से लगे जंगलो में पुलिस ने खोजबीन की। चित्रकूट (मप्र) एसडीओपी रोहित राठौर ने नेतृत्व में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। ड्रोन कैमरे से चिन्हित किए गए जंगल के अंदर के जलस्रोतों, रुकने की संभावित जगहों, मार्गों आदि पर कांबिंग की गई। ग्रामीणों, चरवाहों से भी बात की गई।

### नगर पालिका में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका नरेंद्र गुप्ता ने की। इस मौके पर कोआपरेटिव बैंक के जिलाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा नागरिक मौजूद रहे।

# न रंजिश, न झगड़ा तो किसने की वृद्धा की नृशंस हत्या

फालोअप

हरी नारायण पांडेय, रामनगर

**अमृत विचार।** विकास खंड रामनगर और थाना मऊ अंतर्गत गांव सुहेल बराछी में बुधवार को वृद्धा रानी देवी निषाद (72) की नृशंस हत्या का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बना है। परिजनों का यह कहना कि उनकी न तो किसी से रंजिश है और न ही घर में कोई झगड़ा हुआ। यह बातें मामले को और पेचीदा बना रही हैं। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जाचं पड़ताल कर रही है और जल्द ही इस हत्याकांड के खुलासे की बात कह रही है।

सुहेल बराछी निवासी लल्लू निषाद का गांव से लगभग तीन किमी दूर चकौर गांव में ट्यूबवेल है। वह वहीं पर डेरा बनाकर रहता है। उसके साथ उसकी पत्नी रानी देवी (72) भी रहती थी। उसका परिवार गांव में ही रहता है। दो पुत्र बाहर रहते हैं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी रोजाना खाना खाने सुरेह बराछी वाले घर में जाते थे। बुधवार को लल्लू घर पहुंच गया पर देर तक रानी नहीं पहुंची। घरवालों के मुताबिक, शाम लगभग पांच बजे पुत्र राम सिंह अपनी भाभी सरिता पत्नी भइयालाल के साथ उसको बुलाने ट्यूबवेल पहुंचा। तो देखा कि वहां पर छप्पर के नीचे रानी देवी का क्षत विक्षत शव पड़ा था। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक हंसिया भी बरामद किया। ग्राम प्रधान अरविंद यादव और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि खून से लथपथ शव की हालत देखकर लगता था कि किसी ने बड़ी बेरहमी से उसकी हत्या की है। इस हत्या के खुलासे को लेकर पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। मृतका के पुत्र भइयालाल की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

● घरवाले बोलने को तैयार नहीं पुलिस के सामने खुलासे की चुनौती, हर बिंदु पर नजर



रानी देवी के पति लल्लू।



रानी देवी की बहू सरिता।

### भइयालाल की है तीसरी शादी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, सरिता भइयालाल की तीसरी पत्नी है। पहली पत्नी की मौत के बाद परिवार पर हत्या का आरोप लगा और ये लोग जेल तक गए थे। दूसरी पत्नी भइयालाल को छोड़कर चली गई थी। सरिता से उसकी लगभग दो साल पहले शादी हुई है।

### सुबह भी खाना लेकर गई थी सरिता

परिजन बताते हैं कि सरिता बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे सास के लिए खाना लेकर ट्यूबवेल डेरे में गई थी। इसके बाद शाम को वह देवर राम सिंह के साथ फिर वहां गई और सास को मृत पाया।

### घर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई

मौका ए वारदात को देखकर लगता है कि वृद्धा की बड़ी निर्दयता से हत्या की गई। महिला के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया। उसकी एक आंख के ऊपर भी चोट के निशान पाए गए हैं। गर्दन के पीछे गला रेता गया है। मौके से पुलिस को खून लगा हुआ हंसिया एवं ताला मिला है। एक खून लगा हुआ ब्लाउज मिला है। ऐसा लगता है कि इसमें हंसिया का खून पोंछा गया था। घर पर दो पुलिसकर्मी और एक दरोगा की तैनाती की गई है।

### दो पुत्र रहते हैं बाहर

लल्लू निषाद के पांच पुत्र भइयालाल, लालजी, शिवकुमार, राम सिंह और शिव सिंह व पुत्री निराशा है। लालजी और शिव सिंह रोजीरोटी के सिलसिले में बाहर हैं। गांव में भइयालाल, उसकी पत्नी सरिता, राम सिंह, लालजी की पत्नी आरती, शिवकुमार, उसकी पत्नी बिट्टी और निराशा रहते हैं। राम सिंह और शिव सिंह और पुत्री निराशा अविवाहित हैं। भइयालाल की एक लगभग आठ माह की बेटी है।

### हमहू भोग लेबे, पुलिस हमई का फंसावत है

सीओ मऊ यामीन अहमद, ग्राम प्रधान सुहेल अरविंद कुमार की मौजूदगी में मृतका के परिजन घटनास्थल पर पूछताछ के दौरान आक्रोशित रहे। जब एसओ दुर्गविजय सिंह परिजनों से जानकारी करने लगे और उन्होंने मृतका के बड़े पुत्र भइयालाल से पूछा कि यहां सबसे पहले कौन आया तो उसने पत्नी सरिता का नाम लिया। बताया कि बाद में शाम को उसका भाई और पत्नी यहां आईं। जब सरिता और राम सिंह से पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पहले तो कुछ जवाब दिया फिर भड़क गए। राम सिंह ने तो यहां तक कहा कि पहले पहली भाभी के कारण मां-पिता और भाई जेल गए। अब पुलिस कातिल को खोजने की बजाए उल्टा हमसे पूछताछ कर रही है, फंसा रही है। इसके बाद देवर भाभी वहां से चले गए।

### मामले की विवेचना एसओ मऊ को सौंपी

सीओ मऊ यामीन अहमद ने बताया कि मामले की जांच थानाध्यक्ष मऊ दुर्गविजय सिंह को सौंपी गई है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

# योजनाओं का लाभ उठाकर आय बढ़ाएं किसान : अशोक जाटव

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को ब्लाक के उन्नायबन्ना गांव में कृषि जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आय बढ़ाने की अपील की।

जिपंअ ने गांवों के युवाओं को सिलाई, बुनाई व छोटे-छोटे उद्योग से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित करने को प्रेरित किया। 100 किसानों को शरीफा के पौधे वितरित किए गए। इस दौरान किसानों ने अपनी दिक्कतें बताईं, जिनका निराकरण मौके पर किया गया। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने खरीफ मौसम में होने वाली फसलों और इनकी जुताई, बुआई एवं खाद-बीज व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसानों से कहा कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल का बीमा कराएं, जिससे विपरित मौसम में फसल में होने वाले क्षति की भरपाई की जा सके। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने के बारे में भी समझाया गया। कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के वैज्ञानिक डॉ. आरएस नेगी ने नई कृषि तकनीकी के बारे में बताया। इस दौरान अनिल सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान, डॉ. कमला शंकर शुक्ला, डॉ.सतीश पाठक, उत्तम कुमार त्रिपाठी वैज्ञानिक, आदित्य भदौरिया, डॉ. रंजीत सरोज, आकांक्षा सिंह, मनोज कुमार, मुकेश कुमार आदि रहे।

● उन्नायबन्ना गांव में कृषि जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस | जिले भर में जगह-जगह आयोजित किये गये कार्यक्रम, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

# वृक्ष ही हमें स्वच्छ और स्वस्थ जीवन दे सकते हैं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



राजापुर में पौधरोपण करते उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन व अन्य। अमृत विचार



पौधरोपण करते विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तमाम जगहों पर बैठके करके लोगों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दी गई और पौधे रोपे गए लोगों को बताया गया कि वृक्ष ही हमें स्वच्छ और स्वस्थ जीवन दे सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। पराविधिक स्वयंसेवक संजय कुमार ने बताया कि प्रत्येक साल विश्व के लोग पंच तत्वों के संरक्षण की प्रतिज्ञा लेते हैं। इस बार प्रतिबंधित प्लास्टिक को हटाने का संकल्प लिया गया है। सिर्फ थैला ले जाने से बचने की कोशिश में पालीथिन का प्रयोग, प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग अभिशाप बन गया है। प्लास्टिक पानी, दूध और खून के साथ मस्तिष्क तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाली पीढ़ी मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग बन रही है। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड शिवशंकर त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक वीर सिंह आदि ने भी पर्यावरण बचाने की अपील की। इस मौके पर सभी को प्लास्टिक से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता दीपक शर्मा, शिक्षक अशोक कुमार पटेल, शिवम, देवेंद्र कुमार, कमल सिंह आदि मौजूद रहे। राजापुर संवाददाता के अनुसार, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण किया गया। उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के साथ उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पौधे रोपे। उप जिलाधिकारी ने प्रदूषण दूर करने के लिए पौधरोपण को महत्वपूर्ण बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वृक्षों को नष्ट करना या काटना दंडनीय अपराध है। गौतम, पवन तिवारी, अमित सोनी, मीनू गुप्ता, सतीश मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, सत्यप्रकाश पांडेय, राम सजीवन अदि रहे।

### मंदाकिनी के उद्गम स्थल पर चलाया गया सफाई अभियान

विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर मंदाकिनी नदी के उद्गम स्थल सती अनुसुइया घाट पर सफाई और जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें उप वनमंडल अधिकारी अभिषेक तिवारी, वन परिक्षेत्राधिकारी विवेक सिंह के साथ अन्य लोगों ने भागीदारी की।

### स्टेशन परिसर में रोपे गए फलदार पौधे

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** कोलमजरा ग्राम पंचायत में रेलवे स्टेशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परिसर में फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि जल है तो कल है, वृक्ष है तो जीवन है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण की अपील की। कार्यक्रम में स्टेशन प्रबंधक संजय वर्मा, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश, सृजन संस्था के सुनील मिश्रा और टीम व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम खेम राज राजपूत (KHEM RAJ RAJPUT) जन्मतिथि - 10 - 10 - 1959 दर्ज है। जबकि मेरा शुद्ध व सही नाम खेमराज राजपूत (KHEMRAJ RAJPUT) है। इसी तरह मेरी पत्नी का नाम भी बिमाला राजपूत (BIMALA RAJPUT) जन्मतिथि- 01-07-1963 दर्ज है। जबकि शुद्ध व सही नाम बिमला राजपूत (BIMLA RAJPUT) है। **खेमराज राजपूत पुत्र स्व0 श्री बत्तू लाल राजपूत निवासी- गदनपुर पोस्ट- फफूँद तहसील एवं जिला- औरैया (उ0प्र0)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गौसगंज विकास खण्ड कछौना की प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहकारी समिति ली0 ग्राम पचांयत गौसगंज विकास खंड कछौना तहसील सण्डीला जनपद हरदोई के गठन हेतु दिनांक 07/06/2025 व 09/06/2025 व 11/06/2025 को स्थान अरविन्द कुमार के आवास के बाहरी प्रांगण मे कटरा गौसगंज मे खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है ग्राम पंचायत मे आने वाले सभी मजरो के ग्राम वासियों से विनती है की खुली बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
**निवेदक**
**प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहाकारी सीमित लि0**
**ग्राम पंचायत गौसगंज, विकासखंड कछौना, जनपद- हरदोई**

**सूचना**

मेरी पुत्री का खाता उप डाकघर मगरवारा, उन्नाव में 'सुकन्या समृद्धि योजना' के अंतर्गत अविका गौतम नाम से संचालित है, जबकि अन्य समस्त शैक्षिक व सरकारी अभिलेख अविका सिंह नाम से हैं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अविका सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **ज्योति पत्नी अरविंद कुमार, निवासी ग्राम दुर्गनखेड़ा, मजरा मसवासी, थाना कोतवाली सदर, जिला उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लिशा अजमानी पुत्रीअमर जीत सिंह अजमानी निवासी मकान सं0-288/ए, निकट गौरी फाटक, धर्मशाला रोड हरदोई उ0प्र0-241001** मेरे आधार कार्ड सं0 2332 5631 0122 में मेरा नाम लिशा (LISHA) अंकित है और पिता के नाम में सरनेम अजमानी अंकित है। अतः मेरे आधार कार्ड में अंकित अपने नाम में संशोधन कराकर लिशा के स्थान पर लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) अंकित किया जाय तथा भविष्य में मुझे लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अनिकेत दूबे, पिता का नाम हनुमन्त लाल दूबे व माता का नाम राजकुमारी दूबे अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक रूप से मेरा नाम अभिषेक कुमार गुप्ता, पिता का नाम हनुमन्त लाल व माता का नाम राजकुमारी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय।

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब तक कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक है।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।" अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।

### गवर्नर मल्होत्रा आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव से वैश्विक आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

## दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

# एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओबी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।

आईआईएचएम के चेयरमैन



• एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, हम आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।

# रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी




• मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज का इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

## शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

# भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई



• नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली

• टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।



## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंबिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने



• भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

### रेलयात्रियों की आधार आईडी का सीआरआईएस करेंगे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को यात्री की पहचान स्थापित करने के लिए उसके आधार आईडी को सत्यापित करने के लिए अधिकृत किया है। 27 मई को जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, अधिसूचित करता है कि सीआरआईएस को हां/नहीं या ईकेवाईसी प्रमाणीकरण सुविधा का उपयोग करके टिकट जांच कर्मचारियों, चालक दल के सदस्यों और यात्रियों की पहचान स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन की अनुमति दी जाती है। इसके एक सप्ताह बाद, चार जून 2025 को, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, "भारतीय रेलवे जल्द ही तत्काल टिकट बुक करने के लिए ई-आधार सत्यापन का उपयोग करना शुरू करेगा।

# उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटकों को किया एयरलिफ्ट

**गंगटोक, एजेंसी**

• मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किया गया बचाव अभियान

मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक वापस लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे।

मौसम साफ होने के बाद सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है। दो हेलीकॉप्टर एनडीआरएफ और बिजली कर्मियों तथा एयरटेल के इंजीनियरों के साथ रवाना हुए। बिजली महकमे और एयरटेल के इंजीनियर आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए वर्षा प्रभावित क्षेत्र में काम करेंगे।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों का नेता ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 लाख रुपये के इनामी माओवादी नेता नरसिंह चालम उर्फ सुधाकर को मार गिराया है। पिछले महीने बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराए जाने के बाद इस कार्रवाई से माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सलियों के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था।

# निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।




देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

# सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

## पीएम मोदी की यात्रा से पहले जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कश्मीर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे और कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पूरे जम्मू-कश्मीर में उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है और पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों, सेना और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन स्थलों के आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन समेत नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी तथा विध्वंसक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस


**नई दिल्ली, एजेंसी**

• पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।

# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर



नॉर्थम्पटन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं ।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3 . 30 बजे**

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला, पहले मैच 20 जून से शुरू

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वोक्स

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लार्ड्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक



टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि हाल में संपन्न आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।

### भारत की कप्तानी करेंगे गिल

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20-24 जून तक हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा जबकि दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई तक एजबेस्टन में, तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई तक लॉर्ड्स में, चौथा 23-27 जुलाई ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ओवल में होगा। बदलाव से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल टेस्ट को अलविदा कह दिया था। मोहम्मद शमी को इस दौरे में नहीं हैं।

इंग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर है। आईपीएल चैंपियन आरसीबी से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज सैम कुक, तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स भी टीम में है।

## खेल डायरी

### दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है।

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हारकर हुईं बाहर

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।

सात्विक ने कहा कि आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने



उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा कि पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।

इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

### मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं: सिंधू



सिंधू ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह अच्छा होता। हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला, सिंधू ने पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता, लेकिन दूसरा गेम गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# कीस को हराकर गाफ सेमीफाइनल में पहुंची



**फ्रेंच ओपन**

- वाइल्ड कार्डधारी बोइसों से होगा सामना, पुरुष वर्ग में जोकोविच और सिनेर भी सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं।

पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे



सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।

### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के



क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।

# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम,



विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।

### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया



है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।

# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

# अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

- बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग

वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी



अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने आईडीएफ और हमास आतंकवादियों के बीच गाजा में स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। अन्य 14 सदस्यों ने 10 गैर-स्थायी सदस्यों द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण एवं क्यों होता है

- इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े)- दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

- **जेनेटिक:** यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।
- **आईडियोपैथिक :** ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आईडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।
- **एनवार्यनमेंटल:** कुछ मामलों में पेस्टिसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।
- **मस्तिष्क में सूजन:** मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

- चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें। • चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें। • अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफ्लिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके। • पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

- राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में थरूर के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नयी दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के पद और अमेरिकी राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा।

उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। उन्होंने कहा, जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जी. हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भारतीय जनता पार्टी), भुवनेश्वर कलिता (भारतीय जनता पार्टी), मिलिंद देवरा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (भारतीय जनता पार्टी) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत संधू शामिल हैं।

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संघ की नेता के समक्ष कश्मीर में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**ब्रसेल्स।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को यहां एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष के साथ बैठक में कश्मीर में प्रगति को अस्थिर करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर चिंता व्यक्त की। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ब्रिटेन से बेल्जियम पहुंचा था। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एक सार्थक और रचनात्मक बैठक हुई। इसमें कहा गया है, कश्मीर में प्रगति को बाधित करने और स्थिति को सांप्रदायिक बनाने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल के बारे में वरिष्ठ संसदीय स्तर पर जानकारी देने का यह एक अच्छा मौका है।

# हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

- राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है।

ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

### संघीय अदालत की रोक के बाद भी कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल

बोस्टन की एक संघीय अदालत ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर रोक लगाने से गृह सुरक्षा विभाग को पिछले सप्ताह रोक दिया था लेकिन ट्रंप का आदेश एक अलग कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल करता है। उन्होंने बुधवार को इसी प्राधिकार का हवाला देते हुए यह भी घोषणा की कि 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर रोक रहेगी तथा सात अन्य देशों के नागरिकों पर भी कुछ पाबंदियां होंगी।

## जापान की वार्षिक जन्म दर में रिकॉर्ड गिरावट

**तोक्यो।** जापान में नवजात शिशुओं की संख्या पूर्व के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से घट रही है और गत वर्षों की तुलना में जापान में वार्षिक दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह खुलासा हुआ।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2024 में जापान में 6,86,061 बच्चों का जन्म हुआ, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 5.7 प्रतिशत कम है। आंकड़ों के मुताबिक जापान में 1899 से जन्म लेने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है और यह पहली बार है जब साल में बच्चों के जन्म लेने की संख्या सात लाख से भी नीचे आ गई है। यह लगातार 16वां साल है जब जन्मदर में गिरावट आई है। जापान में एक साल में सबसे अधिक 27 लाख बच्चों का जन्म 1949 में हुआ था।

## पर्यटकों का इंतजार



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर

- पतंजलि भूमि सौदा मामले में 92 अन्य के खिलाफ भी मुकदमा

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ भूमि घोटाले के सिलसिले में एक मुकदमा दायर किया है। पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने पतंजलि भूमि सौदा मामले में कथित संलिप्तता के लिए माधव नेपाल और 92 अन्य पर एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया। इसपर, पतंजलि की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सीआईएए ने आरोप लगाया कि पतंजलि ने कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। हालांकि, सरकारी रियायत के तहत अधिग्रहीत जमीन को कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया था। साल 2010 में माधव की सरकार के दौरान कैबिनेट ने भूमि सीमा छूट के तहत भूमि की खरीद को मंजूरी दी थी। तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई, जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

**साक्षात्कार** सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### कहा- लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध और आलोचना करना सामान्य बात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए हाल में कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आने के बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। थरूर ने इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध करना, आलोचना करना और मांगें करना सामान्य बात है। उन्होंने कहा, हम यहां किसी पार्टी के राजनीतिक मिशन पर नहीं आए हैं। हम यहां एकजुट भारत के प्रतिनिधि के तौर पर आए हैं। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में तीन धर्मों और सात राज्यों से पांच राजनीतिक दल शामिल थे।

# ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।